कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 350, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 16 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### लैंडिंग से 10 सेकेंड पहले पहाड़ी से टकराया, आग लगी; तकनीकी खराबी बनी हादसे की वजह,

## नेपाल में विमान हादसा, 68 की मौत

**काठमांडू:** नेपाल के पोखरा में यात्री विमान लैंडिंग से पहले रविवार को पहाड़ी से टकराने के बाद एक नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 72 सीटों वाले इस विमान में 68 यात्री और चार चालक दल के सदस्य सवार थे। अब तक 68 शवों को बरामद किया गया है, लेकिन 4 शवों का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है। नेपाल सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित करते हुए 16 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। सरकार ने जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (एनसीएए) ने बताया कि यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा इस हिमालयी देश में एक मशहूर पर्यटक स्थल है। पूर्वाह्न करीब 11.10 बजे पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय यह विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल की एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक इस 72 सीटर विमान में 68 यात्री और चार क्रू मेंबर्स सवार थे।यात्रियों में 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, 1 अर्जेंटीना और दो फ्रांसीसी नागरिक सवार थे। येति एयरलाइंस की ओर से जारी यात्रियों की लिस्ट के मुताबिक कुल 68 यात्रियों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटनास्थल से अबतक 68 शव बरामद किए गए हैं। 4 शवों का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि विमान में पांच



भारतीय सवार थे। येति एयरलाइंस की ओर से जारी सूची के मुताबिक विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा, विशाल शर्मा, अनिल कुमार राजभर, सोनू जायसवाल और संजना जायसवाल के रूप में हुई है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि दूतावास स्थानीय प्राधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रख रहा है। कास्की जिले के मुख्य जिला अधिकारी टेक बहादुर केसी के अनुसार विमान सेती नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ और अभी बचाव अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने दुर्घटना के बाद मंत्री परिषद की आपात बैठक बुलाई। रविवार दोपहर को हुई बैठक में विमान दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक के रूप में 16 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का फैसला किया गया। प्रचंड ने गृह मंत्रालय, सुरक्षाकर्मियों तथा सभी सरकारी एजेंसियों को तत्काल बचाव एवं राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सरकार ने दुर्घटना की जांच करने के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की है।

विमान दुर्घटना के बाद पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद कर दिया गया। हादसे के तुंरत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पोखरा में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। भीड़ के कारण बचाव अभियान में दिक्कत आई और एम्बुलेंस तथा दमकल की गाड़ियों को वहां पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नेपाल का अचानक बदलते मौसम और दुर्गम स्थानों पर बनी हवाई पट्टियों के कारण विमान दुर्घटनाओं का बेहद खराब रिकॉर्ड रहा है।

### मैकेनिकल खराबी की वजह से क्रैश हुआ प्लेन

**सिविल** एविएशन अथॉरिटी ऑफ नेपाल की तरफ से कहा गया है कि मैकेनिकल खराबी की वजह से दुर्घटना हुई है। उड़ान से पहले सभी टेक्निकल जांच और प्रोसेस को पूरा किया गया था और उसमें कोई भी टेक्निकल खराबी नहीं दिखाई दी थी। हादसे की जो तस्वीरें और फुटेज सामने आई हैं, उन्हें देखकर किसी के भी जीवित बचने की उम्मीद नहीं है। सिविल एविएशन अथॉरिटी का कहना है कि लैंडिंग से 10 सेकेंड पहले विमान में आग की लपटें दिखाई दी थीं, इसलिए मौसम की खराबी के कारण दुर्घटना होने की बात नहीं कही जा सकती है। शुरूआत में कहा गया था कि हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ है।

विमान में 5 भारतीय समेत 14 विदेशी नागरिक थे विमान को कैप्टन कमल केसी उड़ा रहे थे। 68 यात्रियों में से 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, दो कोरियन, एक अफगानी और एक फ्रेंच नागरिक थे। इनमें 3 नवजात और 3 लड़के भी शामिल हैं। एयरलांइस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि विमान के मलबे से अभी तक किसी जीवित व्यक्ति को नहीं निकाला जा सका है।

देश में पिछली बड़ी विमान दुर्घटना पिछले साल 29 मई को हुई थी, जब तारा एयर का एक विमान पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें एक भारतीय परिवार के चार सदस्यों समेत सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी।

## पीएम ने वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के सिकंदराबाद से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम को जोड़ने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को भी प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इससे इज ऑफ लिविंग बढ़ेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। दो तेलुगु भाषी राज्यों को जोड़ने वाली देश की आठवीं वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को



प्रधानमंत्री ने दोनों राज्यों के लिए उपहार बताया। उन्होंने कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को लाभ मिलेगा और यात्रा समय काफी कम हो जाएगा। वंदेभारत एक्सप्रेस उस भारत का प्रतीक है।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी

**जम्मू-कश्मीर/हिमाचल:** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ों पर दो दिन से बर्फबारी का दौर जारी है, जिससे मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। जम्मू-कश्मीर के 12 जिलों में बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की गई है। उत्तराखंड के चमोली, जोशीमठ और बद्रीनाथ में भी बर्फ पड़ी। हिमपात से हिमाचल प्रदेश में चार हाइवे समेत 276 सड़कें बंद हैं। उत्तर भारत के मैदानी इलाके भी शीतलहर की चपेट में हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं।

## एलएसी पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार: सेना प्रमुख



**बेंगलुरु:** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में रविवार को आर्मी डे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हम एलएसी पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। आर्मी चीफ ने सेना को पर्याप्त मात्रा में हथियार मुहैया कराने के लिए सरकार को धन्यवाद कहा।

उधर, पीएम मोदी ने आर्मी डे पर सेना को बधाई संदेश दिया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- सेना दिवस पर, मैं सभी सैन्य कर्मियों, दिग्गजों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। हर भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है और हमेशा हमारे जवानों का आभारी रहेगा। उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है और संकट के समय उनकी सेवा के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

**आर्मी चीफ बोले- बॉर्डर पर ड्रोन से हथियार, ड्रग जारी है:** पश्चिमी सीमावर्ती इलाकों में एलएसी पर सीजफायर की स्थिति बरकरार है। यही नहीं हाल के महीनों में सीजफायर के उल्लंघन में भी कमी देखने को मिली है। लेकिन सरहद पार आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर अभी भी बरकरार है। जम्मू और पंजाब के इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रोन से हथियार और ड्रग की तस्करी जारी है। इस दौरान आर्मी चीफ ने बताया कि आर्मी चीफ ने बताया कि सेना के पहले मेल अग्निवीर बैच की ट्रेनिंग शुरू हो गई है।

**अमित शाह ने कहा- सेना के बलिदान को नमन:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्विटर पर लिखा कि मैं आर्मी डे पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देता हूं। देश को सुरक्षित रखने के संकल्प के लिए भारत को हमारी सेना पर गर्व है। उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं।

## गोरखपुर में संस्कृति, रोजगार और आस्था का सम्मान एक साथ

**गोरखपुर।** गोरक्षभूमि में इन दिनों संस्कृति, रोजगार और विरासत के सम्मान की "गंगा" बह रही है। यह संयोग है कि मकर संक्रांति पर यहां विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला, शिल्प मेला और खादी-ग्रामोद्योग मेला एक साथ चल रहा है। युवाओं को सांस्कृतिक मंच, हस्तशिल्पियों को बाजार और आस्था की खिचड़ी का संस्कृति संगम मानो सबको गंगा का स्नान करवा रहा है। खिचड़ी पर्व के इस तनिक समय में छोटे व्यापारियों को बड़ा बाजार मिला है, तो आस्था की खिचड़ी चढ़ाने आने वाले श्रद्धालु मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर के मेजबान रूप से अभिभूत हैं।

**पहले आस्था की खिचड़ी, फिर मेले में मनोरंजन:** गोरखनाथ मंदिर में न सिर्फ भारत के विभिन्न प्रांतों, बल्कि नेपाल से भी खिचड़ी चढ़ाने श्रद्धालु आये हैं। भोर में गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने खिचड़ी चढ़ाई। फिर, लोग मेले का भी लुत्फ उठा रहे हैं। यहाँ कई राज्यों के खानपान का आनंद भी उठाया जा रहा है।

**हस्तशिल्पियों को मिल रहा बाजार:** गोरखपुर महोत्सव के बाद भी अभी चंपा देवी पार्क में शिल्प मेला चल रहा है।

## रक्षा मंत्री ने जवानों के जज्बे और बहादुरी को सलाम किया

**नई दिल्ली। रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सेना दिवस पर पाकिस्तान के साथ हुए चार युद्धों और चीन सीमा पर गलवान एवं तवांग की घटनाओं को याद करते हुए भारतीय जवानों के जज्बे और बहादुरी को सलाम किया। उन्होंने कहा कि जवानों के शौर्य से न केवल दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा है, बल्कि सभी भारतीयों के दिलों में सेना के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। सशस्त्र बल न केवल भारत के लिए, बल्कि मित्र देशों के लिए भी विश्वसनीय भागीदार रहे हैं। भारतीय सेना के शौर्य और साहसिक पहलुओं को प्रदर्शित करते हुए रविवार को 75वें सेना दिवस पर



बेंगलुरु में 'शौर्य संध्या' का आयोजन किया गया। रक्षा मंत्री ने सैन्य कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन 1949 में फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ने औपचारिक रूप से अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-जनरल सर फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। 'शौर्य संध्या' की शुरूआत आर्मी एडवेंचर विंग के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर, आर्मी एविएशन हेलीकॉप्टर और माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट के शानदार फ्लाई पास्ट के साथ हुई। इसके बाद टेंट पेगिंग और सिक्स बार जंपिंग के घुड़सवारी खेलों का एक रोमांचक शो हुआ। साहसी पैरा टूपर्स ने स्काई डाइविंग से समारोह में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मिलिट्री बैंड की प्रस्तुति ने कार्यक्रम की रंगत बढ़ा दी।

रक्षा मंत्री ने 1962, 1965, 1971 और 1999 के युद्धों के दौरान सशस्त्र बलों की बहादुरी और गलवान एवं तवांग में हाल की घटनाओं को याद करते हुए कहा कि सेना के तीनों अंगों ने हमेशा समय-समय पर दक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। राजनाथ सिंह ने स्वतंत्रता के बाद से देश की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

## लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव, बसपा लड़ेगी अकेले : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि साल 2023 में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और जहां भी चुनाव होंगे, बसपा सभी चुनाव लड़ेगी और किसी भी चुनाव में गठबंधन नहीं करेगी। इसके अलावा पार्टी लोकसभा चुनाव भी अकेली लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य दल ने षडयंत्र के तहत हमारे साथ गठबंधन करने का भ्रम जानबूझकर अभी से ही फैलाना



शुरू कर दिया है। जबकि बीएसपी ने एक-दो बार यूपी आदि राज्य स्तर पर अभी तक जो भी चुनावी गठबंधन किया है तो उससे केवल पंजाब को छोड़कर हमारी पार्टी की तरह उनका वोट हमें ट्रांसफरेबल नहीं होने के कारण फिर भी बसपा को ज्यादा हानि हुई है। इसलिए इस मामले में अब तक के ज्यादातर रहे खराब अनुभवों को ध्यान में रखकर जब हमारी पार्टी ने आगे विधानसभा एवं लोकसभा का आम चुनाव भी अकेले ही लड़ने का फैसला लिया है।

आगे उन्होंने कहा कि वैसे हमारी पार्ओ समाज में विशेषकर गरीब,कमजोर, असहय एवं उपेक्षित वर्गों के हित एवं कल्याण के लिए हमेशा ही अति गंभीर संवेदनशील संर्घषरत रहती है। इसी वजह से यूपी में चार बार बसपा की सरकार रही और लोगों के हित के लिए अनेकों नई–नई जनहित योजनाएं प्रारंभ की है। लेकिन यह सब यहां जातिवादी संकीर्ण सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी, मानसिकता रखने वाली विरोधियों पार्टी को अच्छा नहीं लगा।

## प्रकृति से तारतम्य स्थापित करने का अद्भुत संयोग है मकर संक्रांति: योगी

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि मकर संक्रांति का पर्व जगतपिता सूर्य की उपासना, प्रकृति की पूजा करने व उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का अद्भुत संयोग है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व पूरे देश में अलग-अलग नामों और रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व के रूप में मनाई जाती है। लाखों की संख्या में कल्पवासी प्रयागराज में एक महीने तक प्रवास करते हैं। साधना और अनुष्ठान के कार्यक्रम के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का स्नान प्रयागराज और



अन्य तीर्थों में पूरे उत्साह व उमंग से प्रारंभ हो चुका है। गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शिवावतार भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने आए हैं। जगतपिता सूर्य से प्रदेशवासियों के शुभ व मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्व पर सूर्यदेव का उत्तरायण होना हर प्रकार के सुख और मांगलिक कार्यक्रमों के लिए प्रशस्ति तिथि मानी गई है। आज से मांगलिक कार्य भी प्रारम्भ होंगे। उन्होंने कहा कि इस पवित्र पर्व पर प्रयागराज और गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था व्यक्त कर रहे हैं। अन्य तीर्थों जैसे हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में, बदायूं के कछला घाट, मुजफ्फरनगर के शुक तीर्थ, काशी आदि तथा हर पवित्र नदी-सरोवरों पर लाखों श्रद्धालु स्नान-दान से जुड़कर अपनी आस्था को व्यक्त कर रहे हैं। सनातन संस्कृति के पर्वों पर स्नान-दान का अपना विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी प्रकार के इंतजाम हैं। गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दिन भर आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाएगी। मकर संक्रांति पर परंपरागत आयोजनों का भी शुभारंभ हो रहा है। गोरखनाथ मंदिर में एक माह तक चलने वाला खिचड़ी मेला भी प्रारंभ है। श्रद्धालुजन की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पूरी सतर्कता के साथ नजर रखी जा रही है।

### दिल्ली में आतंकियों ने हत्या का वीडियो बनाया था

**नई दिल्ली:** दिल्ली के भलस्वा डेयरी टारगेट किलिंग मामले में कई नए खुलासे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने शख्स की हत्या की और 37 सेकेंड का वीडियो बनाकर पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा से जुड़े आतंकी सोहैल को भेजा था, जिसके लिए कतर से उनके खाते में 2 लाख रुपए ट्रांसफर हुआ। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने शख्स के शव के 8 टुकड़े किए थे। मृतक की उम्र करीब 21 साल है, वह नशे का आदी था। उसके हाथ में त्रिशूल बना है। आतंकियों ने पहले उससे दोस्ती की थी, फिर 14 या 15 दिसंबर को उसकी हत्या कर दी।

### मिशन 2024: बीजेपी 'बैक टू बेसिक' की राह पर

## लोकसभा चुनाव में ऐसे मुद्दे पर बन रही रणनीति

**नई दिल्ली:** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जबरदस्त तैयारियां शुरू कर दी हैं। विश्लेषकों की मानें तो भारतीय जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से "बैक टू बेसिक" की राह से ही चुनावी जोर आजमाइश करेगी। हालांकि बैक टू बेसिक के साथ-साथ पार्टी डेवलपमेंट के एजेंडे को भी बराबर साथ लेकर चलेगी। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से भी इशारा मिल चुका है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में किन मुद्दों के साथ चुनावी मैदान में उतरना है। उसी आधार पर अब एक बार फिर से देश के अलग-अलग राज्यों से माहौल बनना शुरू हो चुका है।



लोकसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं सभी राजनीतिक दल अपने अपने हिसाब से चुनावी तीर कमान संभाल कर मैदान में उतर रहे हैं। इस कड़ी में जहां कांग्रेस पार्टी ने नफरत और मोहब्बत को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर चुनावी मैदान में उतर कर आगाज किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने भी अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर में भक्तों के लिए दर्शन की तारीख बता सियासी राह पर अपना इशारा स्पष्ट कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरीके से चुनाव नजदीक आ रहे हैं उसी तरह राजनैतिक पार्टियां अपने चुनावी एजेंडे स्पष्ट करती जा रही है। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि अमित शाह ने जिस तरीके से कुछ दिन पहले नॉर्थ ईस्ट में राम मंदिर में भक्तों के लिए दर्शन की तारीख का ऐलान किया उसी दिन स्पष्ट हो गया था।

## तमिलनाडु में जलीकट्टू के दौरान 23 घायल

**मदुरै:** तमिलनाडु में मट्टू पोंगल के दिन मदुरै के तीन गांवों में रविवार को जल्लीकट्टू शुरू हो गया। इसके साथ ही जल्लीकट्टू के दौरान 23 लोग घायल हो गए। 13 लोगों को इलाज के लिए मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल भेजा गया है। जल्लीकट्टू को एरु थझुवुथल और मनकुविरत्तु के नाम से भी जाना जाता है। यह खेल पोंगल त्योहार का एक हिस्सा है। रविवार को जल्लीकट्टू मदुरै के अवनियापुरम में हो रहा है। सोमवार को पलामेडु में और मंगलवार को अलंगनल्लूर में होगा। यह एक ऐसा खेल है जिसमें



भीड़ के बीच एक सांड को छोड़ दिया जाता है। इस खेल में हिस्सा लेने वाले लोगों को सांड को पकड़कर उसे कंट्रोल करना होता है। जब तक वे उसका कूबड़ पकड़कर कर सकते हैं।

**कलेक्टर बोले- तीन लेवल पर सुरक्षा दी गई है:** मदुरै के कलेक्टर अनीश शेखर ने कहा- "अवनियापुरम में जल्लीकट्टू के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं। सांडों के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

### खबर संक्षेप

## डीजे बजने के भीड़ में युवक पर किया जानलेवा हमला

**घूरपुर।** घूरपुर के बीकर गांव में शनिवार की रात एक अयोजित मुर्गा दारू की पार्टी में डीजे बजाकर नाच गाना चल रहा था कि इसी बीच गांव के ही रोहित निषाद उर्फ मोलई उम्र 25 वर्ष पुत्र नाम स्व. जीत लाल निषाद का इकलौता बेटा था। को भीड़ के बीच ही रंजिशन कुछ लोगो ने लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो जमीन पर गिर तड़पने लगा। कुछ देर में सूचना पर परिजन पहुंच उसे स्थानीय अस्पताल ले गए जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन रिफर कर दिया गया परिजनों ने बताया कि चार महीने पहले जमीन को लेकर एक परिवार से विवाद हुआ था जिसमे पत्थर बाजी हुई थी। उन्हीं लोगों ने रोहित पर जान लेवा हमला किया है क्यों कि उन लोगों ने रोहित को जान से मारने की धमकी दिया था। फिलहाल अभी परिजन थाने में शिकायती पत्र नहीं दिया है। अस्पताल से वापस आने के बाद शिकायती पत्र देने की बात कही है।

# मकर संक्रांति : आरएसएस के समरसता भोज में शामिल हुए सैकडों लोग

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शंकरगढ़ (जिला यमुनापार) की ओर से मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य वक्ता खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख रमेश ने कहा, मकर संक्रांति आज का नहीं सदियों पुराना उत्सव है। मकर संक्रांति का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। समस्त हिंदू समाज, जो भगवान भास्कर को आराध्य मानता है, वह इस उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाता है। शिक्षण प्रमुख रमेश ने कहा, इस दिन भगवान भास्कर दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस कारण इस उत्सव का नाम मकर संक्रांति पड़ा। समाज का हर तबका, हर व्यक्ति एक साथ इस उत्सव को संपूर्ण विश्व में मनाता है। आज के दिन है मां गंगा के सागर से मिलने के कारण आज के दिन गंगासागर में बहुत बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने छह उत्सवों में से एक उत्सव के रूप में मकर संक्रांति को मनाता है, इसके पीछे संघ का मुख्य उद्देश्य अपने समाज के हर वर्ग को अपने साथ जोड़ना और उसको समाज की मुख्यधारा में लाना है। इस कार्य के द्वारा अपने हिंदू समाज को संगठित और शक्तिशाली एवं मजबूत बनाना है। हम जानते हैं कि आज का समय शक्ति का समय है, जो व्यक्ति शक्तिशाली नहीं है, वह कुछ नहीं कर सकता। शक्तिशाली व्यक्ति को हर व्यक्ति आगे रखना चाहता है। संघ का मुख्य उद्देश्य भारत को पुनः वैभवशाली बनाना है। इसके लिए वह समाज को एकजुट रखेगा और भगवान राम की तरह संपूर्ण भारतवर्ष को एक साथ, एक माला में पिरोकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है। उन्होंने कहा, हम सनातनी प्रकृति का पोषण करते हैं, शोषण नहीं। हम प्रकृति का उपयोग पोषण द्वारा करते हैं, शोषण द्वारा नहीं। भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं तो श्रीकृष्ण भी हमारे कर्ता के रूप में हैं। भगवान श्रीराम का नाम सुमिरन करने के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के जैसे कार्यकर्ता के रूप में हम कार्य को प्राथमिकता देते हैं। हम जानते हैं कि एक अकेला व्यक्ति कोई भी कार्य नहीं कर सकता। भगवान श्रीराम चाहते तो अकेले ही राक्षसों का वध कर सकते थे, लेकिन उन्होंने वानर, भालू, रीछ को एकत्रित कर एक संगठन बनाया और उद्देश्य को पूरा किया। संगठन बनाने का उद्देश्य यही था कि आने वाले समय में हम सभी संगठित रहें, जिससे आसुरी शक्तियां हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती हैं। इस दौरान सभी लोगों ने एक साथ खिचड़ी भोज में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी त्रिलोकीनाथ ने की। इस अवसर पर खंड कार्यवाह नरेंद्र, खंड व नगर प्रचारक आशुतोष, अवधेश, डॉक्टर प्रेमचंद, मूलचंद गुप्ता, दीपक नीर, प्रधानाचार्य रामसुमेर शुक्ल, सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, मुकेश पाठक, संतराम गुप्ता, विनय, पंकज राय, रतन केसरवानी,जय केसरवानी, राजेश कुमार, सुरेश,राम नारायण,राघवेंद्र आदि मौजूद रहे।



## मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पे स्नान घाट पर डटे रहे स्वास्थ विभाग के अधिकारी

**करछना।** तहसील क्षेत्र अरैल मे चल रहे माघ मेले मे मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभी अधिकारी मेला छेत्र मे घूम कर साफ सफाई एवं सुरक्षा वेवस्था का जायजा लिया इसी तरह माघ मेला छेत्र अरैल मे प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने रात से हि मेले मे साफ सफाई का कार्य प्रारंभ करवा दिया था धर्मेन्द्र यादव ने अपने टीम के साथ मिलकर अरैल घाट पे साफ सफाई करवाई विजिट पर निकले मेला डी एम, एडीएम, कैबिनेट मंत्री, एवं श्रधालुओं द्वारा इस कार्य की खूब प्रसंशा की गयी साथ ही साथ पूरे दिन प्रभारी निरीक्षक अरैल धर्मेन्द्र यादव पूरा दिन अरैल घाट पर डटे रहे और विजिट करके घाट की साफ साफ सफाई का जायजा लेते रहे सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश थे की कही भी गंदगी या कचरा न दिखने पाए जगह जगह हो रहे भंडारे मे जाकर सभी को अवगत कराया गया की प्रसाद ग्रहण कर प्लेट डस्टबिन मे ही डाले इधर उधर न फेके पब्लिक का भी स्पोर्ट देखने को मिला अवगत करने के बाद सभी श्रधालुओं ने साफ सफाई रखने मे अपना सहयोग दिया साथ ही साथ घाट पे मौजूद डेस्क मे भी भारी संख्या मे लोगो ने मास्क और सेनिटाइजर का प्रयोग किया मकर संक्रान्ति के दिन लगभग लाखों लोगो ने गंगा जी मे डुबकी लगाई।

# घर के बाहर खेल रही मासूम को बेकाबू ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बालिका को बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। शव को चीरघर भेज दिया गया है। परिजनों ने ट्रैक्टर चालक को नामजद करते हुए तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या सात, मोदीनगर निवासी रविशंकर विश्वकर्मा की पुत्री अमृता विश्वकर्मा (4) घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान बालू लदा एक ट्रैक्टर उधर से गुजरा और सीधा रविशंकर विश्वकर्मा के मकान की तरफ घूम गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मकान के बाहर खेल रही अमृता की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी चालक मौके से ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला।स्थानीय लोगों ने उसका पीछा किया, लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया। हादसे की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई और आगे की विधिक कार्रवाई की। एसओ मनोज कुमार ने बताया कि मामले में रविशंकर विश्वकर्मा की तरफ से तहरीर दी गई है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतका के पिता रविशंकर की तरफ से दी गई तहरीर में राजेंद्र उर्फ राजू सिंह निवासी ग्राम तालापार, शंकरगढ़ को नामजद किया गया है।

## 3 दिन पूर्व सड़क हादसे में मृत युवक का हुआ पहचान, परिजन ने किया दाह संस्कार



सुरेन्द्र कुमार यादव (फाइल फोटो)

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सेमरी थानापुर गांव के सामने 3 दिन पूर्व सड़क हादसे में मृतक युवक का पहचान करके परिजनों ने लाश का अंतिम संस्कार कर दिया। बता दें कि गत शुक्रवार 13 जनवरी को रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सेमरी थाना पुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई युवक की मौत की पहचान 30 वर्षीय बदल का पूरा जगदेवपुर बरेठी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव उर्फ भुअर पुत्र राम अभिलाष यादव उर्फ झुरई के रूप में हुई। जानकारी होने पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृत युवक की पहचान कर लिया। तथा पोस्टमार्टम के पश्चात सहीदा गंज घाट पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक युवक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। युवक की मौत से माता-पिता तथा पत्नी मनीषा पुत्र शशांक सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र के सिरसा गंगा घाट पर मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने का सिलसिला भोर ही से शुरु हो गया था। भोर ही से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मकर संक्रांति पर्व का स्नान करने के लिए गंगा घाटों पर पहुँच रहे थे और गंगा में डुबकी लगाकर पवित्र स्नान कर रहे थे। श्रद्धालुओं की भक्ति के आगे कड़ाके की सर्दी का भी असर नही देखने को मिला। हिन्दू धर्म मे मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा में स्नान और दान को लेकर बेहद अहम माना जाता हैं। 14 जनवरी मकर संक्रांति पर साल का पहला सबसे बड़ा गंगा स्नान माना जाता हैं। इस दिन सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही सूर्य ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन में भी जाते है। इसलिए ये स्नान बेहद अहम माना जाता हैं। श्रद्धालुओं ने गंगा गंगा में नहाने के बाद पूजा-अर्चना और दान पुण्य किया। कहते है कि गंगा स्नान के बाद खिचड़ी,तिल, वस्त्र आदि का दान किया जाता हैं।जिसका कई गुण फल प्राप्त होता हैं। सिरसा गंगा घाट पर पांच हजार के लगभग श्रद्धालुओं ने स्नान किया हैं। सुरक्षा का पूरा इंतजाम प्रशासन द्वारा किया था। सुरक्षा में पुलिस चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार लगे रहे।

### न्यूज झरोखा

## कार्यकताओं ने मनाया मैनपुरी सांसद डिंपल का जन्मदिन



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में सपा नेताओं, कार्यकताओं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी, मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। केदारनाथ विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में सपाइयों ने निवर्तमान नगर महासचिव अतुल प्रकाश यादव एवं नगर उपाध्यक्ष महीप सिंह की अगुवाई में केक काटा और दीघार्यु की कामना की। कार्यक्रम आयोजक की देखरेख में मैनपुरी लोकसभा सांसद डिंपल यादव का जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया एवं एक दूसरे को जन्मदिवस की बधाई दी। इस दौरान निवर्तमान जिला सचिव अरविंद मिश्र गुड्डा, जिला सचिव कामद प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य शिवाकांत यादव, जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव, रमाकांत यादव सुजौना, बारा विधानसभा निवर्तमान सचिव अनीश खान, हरिकेश यादव उर्फ बबलू, सयुस अध्यक्ष लाल साहब यादव, सपा नेता कल्यानपुर रमाकांत यादव, अर्जुन तिवारी अमिलिया, बसंत लाल केसरवानी, चेयरमैन पद के दावेदार अजय सिंह,पूनम सिंह, राकेश भार्गव, सुशील पांडेय, प्रभाष सिंह पटेल, कौशल सागर, रामभारती, शैलेंद्र यादव, डॉक्टर लाल साहब यादव आदि मौजूद रहे।

## जंघई उद्योग व्यापार मंडल ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**जंघई।** मकर संक्रांति के अवसर पर जंघई उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय रक्त केंद्र तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) प्रयागराज के डाक्टर अजय मिश्रा और उनकी टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, महामंत्री महेंद्र कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, महासचिव विवेक कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शंभूनाथ गुप्ता, राकेश कुमार जायसवाल, रोहित जायसवाल, सुभाष उमरवैश्य, आयुष, आदित्य आदि लोग उपस्थित रहे । सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनकी संख्या लगभग 25 रही।

## मनैया मेले में नौनिहालों ने झूले का उठाया लुफ्त



**करछना।** मकर संक्रांति के अवसर पर मनुघाट मनैया में लगने वाले दो दिवसीय मेले में नौनिहालों एवं युवाओं ने जमकर मेले में झूले का आनंद उठाया वहीं छोटे बच्चे भी छोटे झूले रेलगाड़ी मोटर गाड़ी जंपिंग को आदि खेलों का जमकर लुफ्त उठाया मकर संक्रांति के अवसर पर मनुघाट मलैया में 2 दिन तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्र के भक्त जनों द्वारा गंगा स्नान के पश्चात शिवालयों में जलाभिषेक करने के पश्चात पास स्थित लगने वाले दो दिवसीय मेले में जमकर खरीदारी करते हैं तथा मेले में आई हुई दुकानों पर घर गिरस्ती से लेकर खिलौने आदि झूला सर्कस का भी आनंद लेते हैं मेले में व्यवस्था सुचारू से प्रशासन मुस्तैदी से जुटा रहा।

## गांव का सतत विकास यही प्राथमिकता : रामधारी



**मेजा।** क्षेत्र के मेडरा ग्राम प्रधान ने वृद्धजनों एवं असहायों में कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सचिवालय में आयोजित रहा है।उक्त गांव के प्रधान रामधारी बिन्द उर्फ कल्लू नेता ने कहा गांव के वृद्धजनों एवं असहायों की क्षमता के अनुरूप मदद होनी चाहिए। गांव का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं। इस दौरान उन्होंने गांव के सैकड़ों वृद्धजनों एवं असहायो के साथ दिव्यांग जनों में कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई। कहां कि ग्राम विकास को बुलंदी पर ले जाना है प्राथमिकता है।गांव के प्रधान ने दावे के साथ कहां, जो पिछले कई वर्षो से काबिज ग्राम सरकारें नहीं कर पाई थी, आज वह कार्य समाप्त होकर गांव की शोभा बढ़ा रही हैं। गांव के लगभग प्रत्येक मार्ग एवं नाली पक्के हो चुके हैं, जो बाकी हैं, उनकी प्रगति के लिए कार्य योजना भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गांव का सतत विकास ही गांव के ग्रामीणों का विकास है। कंबल वितरण कार्यक्रम में दीपक कुमार तथा विशाल कुमार आदि रहे।

## एमडीआरएस मेमो. सेवा ट्रस्ट ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह



**करछना।** एम.डी.आर.एस. मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शिक्षा अमृत प्रतिभा खोज परीक्षा कराई थी जिसके परिणाम उपरान्त प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया उक्त प्रतियोगिता में यमुनापार के राम रती पटेल महाविद्यालय सहलोलवा में रविवार को आयोजित किया गया जिसमें 15-20 विद्यालय के 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें ग्रुप अ में प्रथम पुरुस्कार 1 साइकिल 5100 नगद राशि तथा द्वितीय पुरुस्कार 1 साइकिल 2100 नगद राशि एवं तृतीय पुरुस्कार 1 साईसिल 1100 नगद राशि तथा चतुर्थ पुरुस्कार 701 नगद राशि पंचम 501 नगद राशि था यही पाँच पुरुस्कार ग्रुप इ व ग्रुप उ में भी रहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान संघ करछना के अध्यक्ष श्री अवतार किशन सिंह जी अतिविशिष्ट् अतिथि प्रधान संघ के उपाध्यक्ष श्री सुरेश पांडेय , प्रधान धीतेश तिवारी एवं संयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरदहा बृजेश मौर्य एवं आयोजक ट्रस्ट के प्रेसिडेंट ऋषिकेश शर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## क्षेत्रीय मंदिरों में हुई भक्ति गीत एलबम की शूटिंग

**मेजा रोड।** भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक राजेश परदेसी के द्वारा एक एलबम की शूटिंग मेजा के विभिन्न प्राचीन मंदिरों पर किया गया। उन्होंने सबसे पहले पांती गांव स्थित श्री सिद्ध पीठ मानस मंदिर में शूटिंग किया इस दौरान शूटिंग को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। भोजपुरी गायक राजेश परदेसी के गाने की शूटिंग का उद्देश्य रहा कि क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को चिन्हित कर उन पर भक्ति गीत बनाया जाए जिससे कि उसे दृष्टि पटल पर लाया जा सके यह एक सुनहरा मौका है और लोग क्षेत्रीय मंदिरों के बारे में बखूबी जान सकेंगे?। इसी उद्देश्य के नजरिए से उन्होंने रविवार को क्षेत्र के मानस मंदिर,शीतला धाम रामनगर,औंता महावीर,पहडी महादेव, सहित आदि मंदिरों में शूटिंग किया ?। मेजारोड मानस मंदिर में हुई गाने की शूटिंग के बोल इंजीनियर नित्यानंद के सेवा जहां स्वीकार बांटे वहां हनुमानजी के महिमा अपार बांटे गाने की हुई शूटिंग शूटिंग के दौरान इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, दुर्गा प्रसाद गुप्ता,मोनू उपाध्याय सहित आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम : बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन कार्यशाला का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान (जीईएम) के शीतकालीन कार्यशाला का समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मेजा पावर स्टेशन के समीपवर्ती ग्रामों की 40 बालिकाओं ने प्रतिभागिता किया। सप्ताह भर चलने वाली इस कार्यशाला में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षणिक सत्रों के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों जैसे नृत्य, संगीत, रंगमंच, योग, आर्ट अँड क्राफ्ट आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने से लेकर जन-सामान्य में वार्ता की तकनीकों के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी बालिकाओं को अवगत किया गया।

इस अवसर पर श्री केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) एवं डॉ. चिन्मयी दास, अध्यक्षा (अपराजिता महिला समाज) ने बालिकाओं की हौसलाफजाही की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समापन समारोह में प्रतिभागी सुश्री रेहाना बानो ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ₹शीतकालीन कार्यशाला में, हमने अपने शैक्षणिक विषयों जैसे कि गणित, अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, के साथ- साथ आर्ट एंड क्राफ्ट और स्किल्स का ज्ञान लिया, जो मेरे जीवन में काफी उपयोगी साबित होगा। साथ ही, मैंने सॉफ्ट-स्किल्स की क्लास में टाइम मैनेजमेंट, एक्टिव लिसेनिंग के साथ-साथ काफी जरूरी टोपिक्स जैसे व्यक्तिव विकास, टीम का नेतृत्व करने पर भी शिक्षा प्राप्त की। मैं मेजा ऊर्जा निगम की शुक्रगुजार हूँ कि यह मौका मुझे प्रदान किया गया। समारोह के दौरान सभी बालिकाओं को मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य पर पतंगे एवं मिष्ठन भेंट किया गया तथा ट्रेक सूट भी वितरित किया गया। शीतकालीन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट मटिरियल की प्रदर्शिनी लगाई गयी जिसे सभी के द्वारा काफी सराहा गया। इसके अतिरिक्त समापन समारोह में बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। समापन समारोह में श्री पीयूष कुमार, महाप्रबंधक (ओ अँड एम) एवं अन्य सम्मानित महाप्रबंधकगण, अपराजिता महिला समाज की उपाध्याक्षाएं, अधिकारी असोशिएशन के पदाधिकारी तथा परियोजना के अन्य वरिष्ठ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर यात्रियों को खिलाया गया खिचड़ी

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** माघ के इस पावन मास में मकर संक्रांति के अवसर पर गारापुर स्थित नव युवक ब्राम्हण समाज केंद्रीय कार्यालय के सामने संस्थापक /अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा के नेतृत्व में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रोड से गुजरने वाले स्नानार्थी यात्रियों एवं गरीबों को प्रेम पूर्वक आग्रह सहित इस पावन पर्व पर खिचड़ी बनवा कर खिलाया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने बताया कि हमारी संस्था नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, लोक कल्याण का निःशुल्क आयोजन किया जाता है। इसी के चलते आज मकर संक्रांत के पावन पर्व पर संस्था के कार्यकर्ता एवं सहयोगियों के द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सारस्वत अशोक तिवारी, डीपी शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, अमन मिश्रा, सूर्यमणि पांडे, डॉ ए एन मिश्र, भुनेश शुक्ला, विजय तिवारी, राजकमल तिवारी, प्रवीण शुक्ला, अनुराग मिश्रा, प्रवेश शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, पंकज शुक्ला, योगेश शुक्ला, डॉ एस के पांडे, शुभम शुक्ला, सुभाष शुक्ला, रजन तिवारी, मनीष तिवारी, आशीष शुक्ला, संजय पांडे, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, कृष्णदेव द्विवेदी, विनोद शुक्ला, भगवत मिश्रा, विवेक शुक्ला, किशन शुक्ला, सोनू तिवारी, अनुज शुक्ला सहित आदि सहयोगी गंण उपस्थित रहे। इसी तरह अंदावां स्थित रुद्रा संगम फैमिली द्वारा मकर संक्रांति पर खिंचड़ी का भंडारा आयोजित किया गया। जिसमे ग्रामीणों, राहगीरों एवं गरीब बच्चों ने भंडारे का लुफ्त उठाया। आम तौर पर पूरे देश में अलग अलग नामो से मनाया जाने वाला हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार मकर संक्रांति को किसान फसल उत्सव के रूप में मनाते हैं। इस दिन दान, परोपकार, परमार्थ का विशेष महत्त्व है। हिंदू अनुयाई खिचड़ी के साथ तिल, गुड़ का लड्डू स्नान के बाद दान करते है। सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से परमार्थी एवं परोपकारी जन भागी लोग मकर संक्रांति के पावन पर्व के दिन खिचड़ी भंडारा का आयोजन करते हैं। इस अवसर पर आयोजक मंडल में प्रमुख रूप से संतोष कुमार सिंह, संजय कुमार पांडेय, राजेश दूबे, संजीव सिंह, डा रवि सिंह, अशोक श्रीवस्ताव, संतोष द्विवेदी आदि सहित रुद्रा संगम परिवार के सदस्य मौजूद रहे।



नवयुवक ब्राह्मण समाज के लोग वितरण करते खिचड़ी।



लोगों में खिचड़ी बांटते रूद्र संगम फैमिली।

## अरैल में सरस्वती परिवार के लोगों ने वितरित किए खिचड़ी एवं चाय

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा माघ मेले अरैल में संचालित सरस्वती परिवार के शिविर सेक्टर 1 ए में नर सेवा एवं नारायण सेवा के तहत स्नानार्थियों एवं यात्रियों को खिचड़ी एवं चाय वितरित किया गया। स्वच्छता के प्रति समर्पित सरस्वती परिवार ने स्वच्छता के साथ साथ माघ मेले में यात्रियों एवं स्नानार्थियों को जागरूक करने के साथ भोजन प्रसाद करवाने का भी संकल्पित उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया हैं वही कुंवर जी तिवारी ने बताया कि मानव धर्म ही सबसे बड़ा धर्म होता है। कार्यक्रम में संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, महेश प्रसाद केसरवानी, ऋषि दीक्षित, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा ,वैभव कुशवाहा, आत्म प्रकाश यादव,रवि पटेल, दिलीप सिंह, रोहित दुबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, बब्रुवाहन सिंह, ज्योति सिंह,अंजली,नेता भैया, श्याम बिहारी यादव,राज गोविंद,तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, संदीप सिंह,आदि उपस्थित रहे।










# 24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी, रेती पर उमड़ा जनसैलाब

## पहले नहाने की होड़ में लगे रहे श्रद्धालु, पुलिस व आरएएफ के जवान दिखे मुस्तैद, एनडीआरएफ की टीम रही सक्रिय

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को मकर संक्रांति स्नान पर्व पर संगम तीरे बर्फीली हवाओं के बीच कंपकंपी की परवाह किए बिना त्रिवेणी की पावन धारा को आस्थावान मथकर धन्य होते रहे।अनेक पंथों, विचारों, मतों के लोगों का संगम पर डुबकी का समागम देखने लायक था। देर शाम तक मेला प्रशासन ने 15 स्नान घाटों पर 24.60 लाख श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया।भक्ति का जन प्रवाह शनिवार की रात तेज हो गया। देश को कोने-कोने से श्रद्धालु संगम पहुंचने लगे। सूर्य के उत्तरायण होने पर रविवार की सुबह पुण्यकाल का फल अर्जित करने के लिए पुरनियों से लेकर युवाओं तक में होड़ सी मच गई। कोई लेटते हुए संगम पर पहुंचा तो कोई बैंडबाजे के साथ। उत्साह का ठिकाना नहीं था। काली मार्ग हो या त्रिवेणी मार्ग या फिर पांटून पुलों से होकर गंगा पार सेक्टरों में जाने वाले रास्ते, हर तरफ लंबी कतारें लगी रहीं। अपनों का हाथ थामे सिर पर गठरी और हाथ में झोला लिए श्रद्धालु घाटों की





ओर बढ़ते रहे। कहीं रेती पर ध्यान तो कहीं शंखनाद कर संक्रांति पर्व के भावों को प्रकट किया जाता रहा। संगम जाने वाले रास्तों पर स्नान, ध्यान के साथ ही आतिथ्य सत्कार और सेवा की भी मिसाल पेश की जाती रही। जगह-जगह खिचड़ी, खीर-पूड़ी, बुंदिया का वितरण कर पुण्य अर्जित करने में लोग लगे रहे।महिलाएं डुबकी के साथ गंगा के तटों पर दीपदान, आरती कर मंगल गीत गाती रहीं। गंगा के स्नान घाटों पर हर तरफ एक जैसा ही हाल रहा। स्नान के साथ तीर्थ पुरोहितों की टोलियां कमंडल के साथ श्रद्धालुओं के माथे पर तरह-तरह के तिलक-त्रिपुंड लगाकर आशीष से नवाजतीं भी रहीं। भूले भटके शिविर में अपनों से बिछड़े 21 महिलाओं समेत 105 लोग मिले मकर संक्रांति स्नान पर्व के दूसरे दिन उमड़े जनसैलाब में दिन भर श्रद्धालु अपनों से बिछड़ते और मिलते रहे। त्रिवेणी बांध के नीचे स्थापित भूले भटके शिविर में देर शाम तक बिछड़े 105 लोगों को अपनों से मिलाया गया। मेले में भटकने वालों में 79 पुरुष, 21 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल थे।

# मेला क्षेत्र में आज क्रियायोग आश्रम शिविर का होगा शुभारंभ

## देश व विदेश के साधक शिविर में करेंगे ध्यान, लेंगे क्रियायोग की शिक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी रोड पर स्थित सेवारत क्रियायोग आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम आज दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करेंगे , इसके पश्चात क्रियायोग गुरु शिविर में आए हुए समस्त साधकों को क्रियायोग की शिक्षा देंगे तथा साथ ही साधकों को क्रियायोग का अभ्यास भी कराएंगे। बता दे की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्रिवेणी रोड पुल नंबर 2 के समीप स्थित क्रियायोग आश्रम का शिविर लगाया गया है जिसमें काफी संख्या में देश व विदेश के साधक भी पहुंचकर क्रियायोग की शिक्षा व अभ्यास करते हैं । वही जानकारी के अनुसार मेला क्षेत्र के शिविर में शाम 6.30 से यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा ,मेला क्षेत्र से क्रियायोग अभ्यास का लाइव प्रसारण का एकमात्र उद्देश्य यह है कि देश व विदेश में बैठे समस्त साधकों तक क्रियायोग की शिक्षा पहुंच सके । इसी प्रकार झूंसी स्थित आश्रम के मुख्य परिसर से क्रियायोग का लाइव प्रसारण सुबह और शाम प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में साधक पहुंचकर क्रियायोग का अभ्यास करते हैं।



### दान, दक्षिणा, आरती चढ़ावा से दूर रहता है आश्रम

क्रियायोग आश्रम की स्थापना के समय से ही क्रियायोग आश्रम प्रांगण में स्थित पावन वट वृक्ष के नीचे प्रतिदिन कई बार क्रियायोग ध्यान की कक्षाओं का आयोजन किया जाता है । क्रियायोग आश्रम के प्रभाव से वर्ष भर भारत के विभिन्न देशों के साथ-साथ अमेरिका कनाडा यूरोप सिंगापुर ब्राजील आदि देशों के लोग आकर रहते हैं । यह विश्व की पहली आध्यात्मिक संस्था है जो स्थापना के प्रथम दिन से आज तक पूर्णतया निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रही है । यहां पर आरती चढ़ावा दान दक्षिणा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार धन एकत्रित नहीं किया जाता है।

## युवक को लोहे की राड और लाठी-डंडे से मारकर किया अधमरा

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के नई झूंसी के तुकार्ना बस्ती में रविवार की दोपहर दबंगों ने युवक को लोहे की राड और लाठी-डंडे से मारपीटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। शाम को भुक्तभोगी युवक की ओर से आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन देर रात तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। नई झूंसी तुकार्ना बस्ती निवासी सलमान अहमद मोटर मैकेनिक है। रविवार की दोपहर तकरीबन साढ़े तीन बजे वह बाइक से घर जा रहा था। आरोप है कि मल्लाही बस्ती पहुंचने पर रास्ते में आधा दर्जन दबंग युवकों ने उसे रोक लिया तथा लोहे की रॉड और लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर दबंग युवक को अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। जानलेवा हमले में युवक के बाएं हाथ के साथ ही सिर, पैर और नॉक पर गंभीर चोट आई है। बाद में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर दिए जाने के बावजूद देर रात तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी।

## पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ, उपचार के दौरान मौत

मऊआइमा। किसी बातो को लेकर पति पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उस की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने कोई कार्यवाही न करने की बात पुलिस से कही। फिर परिजनों ने अन्तिम संस्कार कर दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासनी अनिता देवी 23 वर्ष पत्नी शारदा पसाद पटेल पति पत्नी में श किसी बातों को लेकर शनिवार को कहासुनी हो गईं थी। जिसपर पति ने फटार लगा दिया था। जिससे क्षुब्ध अनिता देवी ने कोई कीटनाशक पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर सोरांव स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान रविवार को अनिता देवी की मौत हो गई।

## ट्रैक्टर टैंपो की टक्कर में बच्ची की मौत कई घायल

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के वरुणा जंघई मार्ग पर उग्रसेनपुर बाजार के समीप लोढ़ीडीह गांव में ट्रैक्टर एवं टैपौं की टक्कर से टैंपों सवार ग्यारह यात्रियों में बच्ची की तत्काल मृत्यु हो गई तथा चार पांच गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्रयागराज ले जाया गया और दो तीन लोग दवा आदि लेकर अपने परिजनों को बुलाकर अपने गंतव्य की ओर गए।बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ड्राइवर शराब पी कर ट्रैक्टर चला रहा था यह जानकारी उसी टैंपों में सवार चकरा नन्दौत गांव के निवासी जमुना प्रसाद मिश्र ने दिया जो की अपनी पत्नी अनीता के साथ गंगा स्नान कर प्रयागराज से गहरपुर खखैचा अपनी ससुराल अरुण शुक्ला के यहां आ रहे थे।मौके पर फूलपुर पुलिस पहुंच कर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया जबकि ड्राइवर भाग गया था।

**देशी बम के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार : शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को चार अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। धरे गए अभियुक्त के खिलाफ एक मामला पहले से दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। शंकरगढ़ थाने के दरोगा अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आज मुखबिर की सूचना पर हरिओम उर्फ सुड्डू पुत्र अमरनाथ (निवासी अभयपुर, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया। अभयपुर मोड़ से धरे गए हरिओम की तलाशी के दौरान उसके पास से चार देशी बम बरामद हुआ। इस मामले में आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हरिओम उर्फ सुड्डू के खिलाफ धारा 379, 411 का एक मामला पहले से दर्ज है।

## न्यूज झरोखा

### संगम पर बिछड़ी सात माह की बच्ची, रो-रो कर बेहाल



**प्रयागराज।** संगम नोज पर मकर संक्रांति स्नान के लिए उमड़े जन सैलाब के बीच सुबह सात माह की परी अपनी मां से बिछड़ गई। संगम की सकुर्लेटिंग एरिया में मासूम बेटी को पुआल पर रखकर मां कपड़े-झोले संभालने के दौरान भीड़ का हिस्सा बन गई। उधर, पुआल पर पड़ी भीड़ के पांवों के बीच बच्ची चीखती रही, तो दूसरी ओर डुबकी से पहले परी की तलाश में रो-रो कर आंसुओं से नहाई मां का बुरा हाल हो गया।पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश रीवा से बूटा साकेत अपने पति मुकेश साकेत के साथ मकर संक्रांति स्नान के लिए आई थी। बूटा सुबह करीब आठ बजे संगम नोज पर गोद में सात माह की अपनी परी को लेकर पहुंची। वहां उसने अपने झोले, पड़े पुआल पर रखे। साथ में वहीं पर अपनी पुत्री को भी झोले के ही पास लिटा दिया। वह स्नान के लिए घाट पर उतरने का रास्ता तलाश रही थी कि इसी दौरान भीड़ के सैलाब के बीच बेटी और झोले से उसकी नजर हट गई। इसके बाद वह अपनी मासूम बेटी की तलाश में बदहवाश होकर इधर-उधर भटकने लगी।बूटा पति के साथ रो-रोकर भीड़ के बीच बेटी को ढूंढती रही। उधर, पुआल पर भीड़ के बीच पड़ी परी भी चीखती रही। भीड़ के बीच किसी ने भटकी मासूम के बारे में सिविल डिफेंस के शिविर में जानकारी दी। सिविल डिफेंस के स्टाफ आफीसर रवि शंकर द्विवेदी, ज्ञानेश्वर शर्मा, शिवम पांडेय, सुनील गुप्ता भीड़ नियंत्रण करते हुए बच्ची के पास पहुंचे और उसे उठाकर शिविर लाया गया। वहां मेला प्रशासन के भूले बिसरे शिविर से परी के बिछड़ने की सूचना प्रसारित की जाने लगी। कई बाद माइक से उसकी रोते हुए आवाज भी सुनाई गई। इसके घंटे भर बाद बूटा किसी तरह शिविर में पहुंचकर परी से मिली तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### अनाम स्नेह परिवार ने खिचड़ी तहरी का किया वितरण



**प्रयागराज।** बैंक रोड मकर संक्रांति के मौके पर अनाम स्नेह परिवार वा अम्बेडकर सेना ने भंडारे लगाकर खिचड़ी तहरी का प्रसाद वितरित किया,इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 2 दिन मनाया जा रहा है कुछ श्रद्धाल 14 जनवरी को तो कुछ 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाएंगे इस मौके पर अनाम स्नेह परिवार वा अम्बेडकर सेना के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया, खास बात ये रही परिवार कि सदस्य वरिष्ठ समाजसेविका अनुराधा और साथियों ने खूद स्पेशल तहरी बनाया और साथ मे सलाद का भी इंतेजाम किया,जिसमे लगभग 100 से ऊपर लोगों ने प्रसाद के रूप मे तहरी ली.अम्बेडकर सेना प्रयागराज के अध्यक्ष गुफरान खान तहरी वितरण मे शामिल थे,कार्यक्रम मे सहयोगी शिक्षक श्री नारायण यादव सागर अकादमी के निर्देशक ओम प्रकाश शुक्ला, ब्रह्म प्रकाश तिवारी वरिष्ठ समाज सेविका प्रेमलता शुक्ला ,वरिष्ठ समाज सेविका अनुराधा, समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी, मधु यादव, भैरव लाल, लवलेश सिंह ,रिंकू यादव, ज्ञानेंद्र गौतम, राहुल प्रजापति, सचिन सिंह ,अनुज मिश्रा आदि शामिल थे ।

### श्री राम कथा एवं मकर संक्रांति पर महाप्रसाद का वितरण



**प्रयागराज।** गंगोली शिवाला मार्ग पर स्थित गंगा कल्पवास शिविर में श्री राम कथा का आयोजन पंडित चंद्रनारायण पांडेय गुड्डू महाराज द्वारा किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर महाप्रसाद हलवा एवं खिचड़ी का वितरण श्रद्धालुओं के मध्य किया गया। कथा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पारंपरिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास तुलसी शरण महाराज ने कहा कि दैहिक, दैविक भौतिक तापा राम राज काहु नहिं ब्यापा। अभिप्राय यह कि राम राज में किसी भी जीव को शारीरिक, भौतिक व दैविक कष्ट नहीं होता है। जहां राम वहां सब धन्य धाम है राम सबके कल्याण के लिए हैं श्रीराम को स्मरण करने से सब दुख दूर हो जाते हैं केवट, शबरी, गीध, अजामिल, गज का भगवान ने उद्धार किया। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा सुनने से सबका भला होता है इस अवसर पर सैकड़ों कल्पवासी मौजूद रहे।

### गंगा आरती एवं सत्य नारायण कथा का आयोजन




**प्रयागराज।** श्री प्रयागराज सेवा फाउन्डेशन द्वारा शिवकुटी सीताराम घाट गंगा किनारे विगत दो वर्षो से अनवरत गंगा आरती के उपलक्ष्य मे सत्य नारायण भगवान की कथा हवन पूजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम फाउन्डेशन परिवार द्वारा आयोजित किया गया। गंगा आरती अनवरत होती रहे यही संकल्प सभी फाउन्डेशन परिवार के सदस्यों ने मां गंगा के समक्ष लिया।कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्री प्रयागराज सेवा फाउन्डेशन के संस्थापक / अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, मुख्य पुरोहित व नियमित गंगा आरती समिति के अध्यक्ष राजधर व्यास, सचिव आरएन गोस्वामी, कोषाध्यक्ष निर्मल पांडेय, संगीत वादक आशीष तिवारी, अशोक मिश्रा, सुरेश मिश्रा, ढोलक वादक हीरोगिरि, अशोक पांडेय,अरुण पांडेय, विदूर तिवारी, ऋषि तिवारी, अरविंद मिश्रा, दयाशंकर पांडेय, ओपी तिवारी, अपि?त गर्ग, गोलू तिवारी व मातृ शक्ति देवी बच्चे उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की जानकारी श्री प्रयागराज सेवा फाउन्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने दिया।

## यात्रियों से भरी ऑटो बस से टकराई, ऑटो चालक की मौत चार की हालत गंभीर

**प्रयागराज।** शहर के तेलियरगंज इलाके में बस व ऑटो की भिड़ंत में ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई ,बताया जा रहा है कि ऑटो में बैठे सवारियों को भी गंभीर चोटे आई है । ऑटो बस की भिड़ंत के बाद घटना स्थल पर स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया तथा पुलिस को सूचित किया गया । जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को हुई घटनास्थल पर पहुंच गई तथा घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है,हादसा रविवार को शाम के वक्त हुआ। आटो चालक सवारियों को लादकर शहर की ओर आ रहा था कि इसी बीच प्रतापगढ़ की ओर जा रही बस ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# माघ मेला: टेंट सिटी बनकर तैयार, डीलक्स कॉटेज के लाउंज में बैठकर करिए गंगा दर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ के रिहर्सल के तौर पर माघ मेला में पहली बार अरैल घाट पर टेंट सिटी बसा दी गई है। इसमें फिलहाल 20 डीलक्स कॉटेज बनाए गए हैं। लग्जरी सुविधाओं से युक्त इस कॉटेज में लाउंज भी बनाए गए हैं, जहां बैठकर पर्यटक गंगा दर्शन का लाभ ले सकेंगे। इस टेंट सिटी का रविवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्घाटन किया।अरैल में सोमेश्वर महादेव मंदिर के ठीक सामने 10 बीघे में टेंट सिटी की छटा देखते बन रही है। इसमें फिलहाल कुल 20 डीलक्स कॉटेज लगाए गए हैं। एक डीलक्स कॉटेज 36 फीट चौड़ा और 60 फीट लंबा बनाया गया है। प्रत्येक कॉटेज में डबल बेडवाले मास्टर बेडरूम के साथ अटैच वाशरूम, एक कम्युनिटी किचन की सुविधा दी गई है।प्रत्येक कॉटेज के प्रवेश द्वार वाले हिस्से में नेट से सुसज्जित लाउंज भी बनाया गया है।





इस लाउंज में पर्यटकों के बैठने और चाय-नाश्ते के लिए दो-दो कुर्सियां, टेबल की भी सुविधा मिलेगी। पर्यटक इस लाउंज में बैठकर गंगा दर्शन के साथ ही गुनगुनी धूप का आंनद भी ले सकेंगे। पर्यटकों को यहां से नाव या स्टीमर के जरिए माघ मेला क्षेत्र का भ्रमण करने की भी सुविधा मिलेगी।पर्यटन विभाग और पीडीए की बेवसाइड से इस कॉटेज की बुकिंग होगी। टेंट सिटी का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद मंत्री नंदी ने बताया कि महाकुंभ 2025 के ट्रायल के रूप में इस टेंट सिटी को बसाया गया है। महाकुंभ 2025 विश्व का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक आयोजन होगा।मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस आयोजन की रूपरेखा बनाने के साथ ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस मौके पर मेलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान,एसएसपी मेला राजीव नारायण मिश्र, एडीएम दयानंद प्रसाद, विवेक चतुर्वेदी, एसीपी अजीत सिंह चौहान उपस्थित थे।

### हरिद्वार-उज्जैन और नासिक के नाम पर कॉटेज, बुकिंग आज से

अरैल में बनी टेंट सिटी की सोमवार से बुकिंग शुरू हो जाएगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण से जुड़े अफसरों ने बताया कि चार स्थानों पर चहां महाकुंभ लगता रहा है, उन स्थानों के नाम पर एलग-अलग चार ब्लॉक बनाए गए हैं। इसमें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के नाम पर डीलक्स कॉटेज बनाए गए हैं। इस कॉटेज का एक दिन का किराया पांच हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

### कैबिनेट मंत्री नंदी ने संगम में लगाई डुबकी

सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की आराधना कर लोक कल्याण की कामना की। मंत्री नंदी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों एवं विश्व के तमाम देशों में संगम नगरी प्रयागराज आने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसका सरकार ने पूरा ध्यान रखा है।



## हैंडबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**नैनी।** नैनी जिला हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी प्रयागराज में जिला स्तरीय हैंडबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का हैंडबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व आईजी सी पी सिंह पूर्व डिप्टी मेयर मुरारी लाल अग्रवाल जी समाजसेवी शिव शंकर दीक्षित धरा शुक्ला के द्वारा किया गया प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया उद्घाटन मैच अपेक्स आईटीआई नैनी व इ क्लासेस के बीच खेला गया जिसमें कड़े मुकाबले में इ क्लासेस ने अपेक्स आईटीआई नैनी को अट्ठारह के मुकाबले 19 गोल से हराया दूसरा मैच नैनी जूनियर बॉयज व ध्रुव स्पोर्ट्स अकैडमी के बीच खेला गया जिसमें दुआ स्पोर्ट्स एकेडमी ने नैनी जूनियर को स्कोर 14 अट्ठारह किसको से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया वही महिला महिला टीम में अफेक्शन बार एसोसिएशन ने एवेन्यू शाखा पार्क को 14 सोलह केस्को से हराकर अगले दौर में प्रवेश किए उक्त प्रतियोगिता में कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया उक्त अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शेखर सिंह परिहार सचिन रावत सचिन शुक्ला उपस्थित रहे संघ के पदाधिकारी योगराज मिश्रा बद्रीनाथ दीक्षित अतुल सिंह संकेत मिश्रा उमेश उपाध्याय पंकज यादव जगदीश शर्मा शशि शर्मा प्रमोद शर्मा भोला नाथ सिंह जितेंद्र शर्मा नूर आलम श्रीमति रूबी शर्मा संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया रहा है योगिता में निर्णायक के रूप में अनिल कुमार गोविंद कुमार निषाद दीपक कुमार सिंह राजकुमार सिंह आर्यन शर्मा रहे उक्त अवसर पर संघ के समस्त पदाधिकारी व सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे।

## 30 जून तक नियुक्त शिक्षक ही करा सकेंगे शोध इस बार बढ़ सकती हैं पीएचडी की 52 सीट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में 30 जून 2022 तक नियुक्त शिक्षक ही सत्र 2022-23 के तहत शोध करा सकेंगे। इविवि के रजिस्ट्रार की ओर से इस बाबत संशोधित नोटिफिकेशन जारी किया गया है। छह जनवरी को रजिस्ट्रार की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया था कि इविवि में सभी नवनियुक्त एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर सत्र 2022-23 के तहत शोध करा सकेंगे। इस नोटिफिकेशन के जारी होने के बाद भ्रम की स्थिति थी कि सभी नवनियुक्त एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर शोध करा सकेंगे या एक निर्धारित अवधि तक नियुक्त शिक्षकों को शोध कराने की अनुमति दी जाएगी।इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए राजिस्ट्रार की ओर से नया नोटिफिकेशन जारी किया गया है कि 30 जून 2022 तक नियुक्त एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर ही सत्र 2022-23 के तहत शोध करा सकेंगे। 30 जून 2022 तक आठ विषयों में 26 एसोसिएट प्रोफेसरों एवं प्रोफेसरों को नियुक्ति मिली थी। प्रत्येक शिक्षक को दो शोधार्थी मिलेंगे। ऐसे में इस बार आठ विभागों में पीएचडी की 52 सीटें बढ़ सकती हैं।इविवि में फिल्म एंड थिएटर, जंतु विज्ञान, संस्कृत, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, सीबीसीएस, सांख्यिकी, मनोविज्ञान और अंग्रेजी विभाग में 30 जून तक शिक्षक भर्ती पूरी हो चुकी थी। हालांकि, अब तक कुल 17 विभागों में 240 शिक्षकों की भर्ती पूरी हो चुकी है। बाकी शिक्षकों को सत्र 2023-24 में शोध कराने की अनुमति मिल सकेगी। इविवि की पीआरओ डॉ. जया कपूर का कहना है कि नवनियुक्त शिक्षकों को शोधार्थी दिए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें नियमानुसार उनको दो शोधार्थी मिल सकते हैं। इससे शोध को नई दिशा में बढ़ावा मिलेगा और शिक्षकों को भी अकादमिक अनुभव विस्तार के अवसर मिलेंगे। अगर शिक्षक पहले से शोध करवा रहे हैं तो अपने साथ काम कर रहे शोधार्थी को नियमानुसार स्थानांतरित भी करवा सकते हैं।

## पुलिस कर्मी ने वृद्ध को कराया गंगा स्नान

**झूंसी।** माघ मेला में लगे पुलिस कर्मियों को मेला शुरू होने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों ने पुण्य की डुबकी लगाने आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और मानवता दिखाने का पाठ पढ़ाया था जो नजर आ रहा है। रविवार को मकर संक्रांति पर संगम व गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। दोपहर में धूप निकली तो भीड़ और बढ़ गई। तभी प्राचीन गंगा घाट पर एक वृद्ध लड़खड़ाते हुए गंगा स्नान के लिए आ रहे थे जब उन पर घाट पर ड्यूटी में लगे एसओ शंकरगढ़ मनोज सिंह की नजर पड़ी तो वह खुद आगे आये और बुजुर्ग व्यक्ति को पकड़ कर गंगा स्नान कराने ले गए पूछने पर पता चला की वह अपने कुनबे से भटक गया है उसकी गाड़ी झूंसी थाने के पास जीटी रोड पर कड़ी है। एसओ ने वृद्ध को गंगा स्नान करा कर अपनी सरकारी गाड़ी से उन्हें झूंसी जीटी रोड पर खड़ी उनकी गाड़ी के पास पहुचा कर मानवता दिखाई।

## कैबिनेट मंत्री ने की एसपीओ टीम की सराहना

**नैनी।** नैनी माघ मेला के द्वितीय स्नान अरेल घाट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब मकर सक्रांति पर्व पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ /पुलिस मित्र ने किया सहयोग। एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह जी एवं माघ मेला एसपीओ प्रभारी रवि मिश्रा के साथ टीम के सभी सदस्यों ने अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। अरेल घाट पर मौजूद कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने की एसपीओ टीम प्रभारी की सहरना की। एसपीओ की गश्ती टीम ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। मेले में उपस्थित रहे लोग एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली रवि मिश्रा सचिव रविंद्र सिंह विरेन्द्र कुमार संदीप कुमार सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जायसवाल प्रदीप कुमार सुशील कुमार संजीव कुमार विवेक कुमार पाल शुभम प्रजापति सदस्य गण विशाल जायसवाल अरविंद कुमार धर्मराज पटेल मनीष कुमार आशीष कुमार फिरोज सुरेंद कुमार गुप्ता दिनेश कुमार केशवानी वशीम खान सैयद एजाज उल रहमान आदि एसपीओ टीम के लोग मुस्तैदी से तैनात रहे।

# जिले में भव्यता के साथ मनाया जाए उत्तर प्रदेश दिवसः डीएम

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद में 24 से 26 जनवरी 2023 तक उत्तर प्रदेश दिवस-2023 को भव्यता के साथ मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस-2023 के आयोजन के सम्बन्ध में विभागवार जानकारी प्रदान की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में यूपी दिवस के कार्यक्रम स्थल का अतिशीघ्र चयन कर लें जिससे समय से सभी तैयारियॉ पूरी हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस-2023 को भव्यता के साथ मनाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में आमजन मानस को अवगत कराया जायेगा, सभी विभाग शासकीय योजनाओं से सम्बन्धित अपने स्टाल लगायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी दिवस-2023 के अवसर पर जनपद में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जायेगा तथा जनपद में निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन करके उनका सम्मान किया जायेगा, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात संवर्धन विभाग द्वारा ओडोओपी की प्रदर्शनी एवं विक्रय का आयोजन किया जायेगा। ग्राम विकास विभाग की ओर से सफलतम स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पुरस्कृत किया जायेगा, पंचायती राज विभाग की ओर ग्राम पंचायतों के विकास के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को भी पुरस्कार दिये जायेगें। खेल विभाग की ओर से राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा, युवा कल्याण विभाग की ओर से विवेकानन्द पुरस्कार दिये जायेगें। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में रोजगार एवं निवेश की सम्भावना विषय पर जागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा नवीन कृषि तकनीक पर आधारित विशेष सत्र का आयोजन किया जायेगा। दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया जायेगा तथा टूरिज्म संगोष्ठी पालिसी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जायेगें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों में जिनके द्वारा अच्छे कार्य किये गये हो उनको चिन्हित करते हुये यूपी दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित करायें। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित यूपी दिवस-2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा समय से तैयार कर लें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। विभागों द्वारा जो भी प्रदर्शनी/स्टाल लगाये जाये वह अच्छे एवं उत्कृष्ट होने चाहिये इसका विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओम प्रकाश राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य

# जिले में वृहद स्तर पर होता है आंवला उत्पादनः उद्यान मंत्री

## आवंला के फलों को पूर्वोक्त नियमावली के प्रवर्तन में छूट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के अथक प्रयास से आवंला के फलों को उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पूर्वोक्त नियमावली के प्रवर्तन में छूट प्रदान की गई है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि आंवला के व्यवसायिक उपयोग के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आंवला के क्रय-विक्रय में प्रवर्तन से प्रदान की गई छूट कृषकों के लिये अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है, जबकि पूर्व में कृषकों को अपने उत्पाद को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में उत्पाद शुल्क देना पड़ता था, परन्तु वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा आंवला को वन उपज का अभिवहन नियमावली 1978 के सरलीकरण कर देने से कृषकों/बागवानों को अपने उत्पाद को प्रदेश के अन्दर एक-स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में कोई शुल्क देय नहीं होगा। उद्यान मंत्री ने बताया कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से कृषकों की आमदनी में वृद्धि होगी तथा जनसामान्य को आर्थिक लाभ, रोजगार सृजन, उद्योगों की स्थापना आदि से प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा, जो कि वर्तमान सरकार द्वारा कृषकों की आमदनी को दुगुना करने की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में आंवला की खेती वृहद स्तर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में की जाती है, जिसमें से प्रतापगढ़ मुख्य आंवला उत्पादक जनपद के रूप में जाना जाता है। प्रदेश में आंवला उत्पादन के अन्तर्गत लगभग 37711 हेक्टेयर क्षेत्रफल आच्छादित है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 402793 मी.टन का उत्पादन होता है। प्रदेश में आंवला की खेती हेतु राज्य सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से अनुमन्य अनुदान की सुविधा भी प्रदान की जाती है।



हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन करते रोशनलाल उमरवैश्य।

# मकर संक्रांति पर फूल मालाओं से हनुमान मंदिर चिलबिला में हुई भव्य सजावट

**पूरे मंदिर परिसर में लगाया गया सीसीटीवी कैमरेः उमरवैश्य**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला मकर संक्रांति पर सुबह से ही भक्तों का मेला लगा था। हनुमान भक्तों द्वारा पूरे मंदिर परिसर को फूल-मालाओं से सजाया गया था। सुबह से ही खिचड़ी का वितरण भक्तजन कर रहे थे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने हनुमान जी महाराज, राम दरबार, माता दुर्गा, भगवान भोले शंकर की विधिवत पूजन अर्चना कर आरती की। मकर संक्रांति के अवसर पर हनुमान महाराज से सभी भक्तों का कल्याण करने की प्रार्थना की।

रोशनलाल उमरवैष्य ने बताया कि हनुमान भक्तों द्वारा पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं से सजाकर पूजन कर खिचड़ी बाटी गई। सुबह से ही महिलाओं व पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मंदिर की सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जो मंदिर के साथ आने जाने वाले भी अब कैमरे की नजर में रहेंगे। भक्तों में संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, रामगोपाल, आशीष कुमार, सुरेश अग्रवाल, कैलाश, छगनू, सोनू, सनी, त्रिभुवन लाल, सूरज उमरवैश्य, राकेश कुमार, सुरेश माली, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, आशीष लाइट आदि भक्तगण ने पूजन आरती की।



स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परेड करते एनसीसी कैडेट।

# थल सेना दिवस पर किया गया परेड का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को थल सेना दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर सेना के जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी डॉ राकेश पांडे के निर्देश में सबसे पहले एनसीसी कैडेटों का परेड कराया गया। सभागार में समारोह पूर्वक सेना दिवस मनाया गया तथा भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना का नेतृत्व करने का मौका मिला इसीलिए 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मुख्य रूप से उदयसिंह, अंडर ऑफिसर प्रिया यादव, सिमरन शर्मा, हरिओम पांडे, सियाराम अभय तिवारी, आदित्य यादव, मोनू कुमार, राणा प्रताप सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विस्तारित क्षेत्रों के शामिल होने से अब नगर महापालिका की मिलेगी सुविधाः प्रेमलता

## विस्तारित क्षेत्रों में विकास पूर्ण होने तक कोई टैक्स नहींः हरिप्रताप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने रविवार को अपरान्ह नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र सियाराम कालोनी में हैप्पी टाइम स्कूल के सामने 16 मीटर चैड़ी इंटरलाकिंग सड़क तथा दोनों तरफ बनी नाली का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि विस्तारित क्षेत्रों में तब तक कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा, जब तक इन क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल व प्रकाष की पूरी व्यवस्था नहीं दे देंगे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि 1995 से लगातार नगर की सेवा करने



इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण करतीं अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह

का अवसर मिला जिससे आज नगर आदर्श नगर पालिका के रुप में जाना जाता है।

अब तो विस्तारित क्षेत्र शामिल होने से नगर महापालिका की सुविधाएं मिलने लगेगी। उन्होंने कम्पनी गार्डेन और बाबागंज के अटल पार्क की भी चर्चा की, जहां बड़ी संख्या में लोग रोज जाते हैं और योगा करते हैं।

नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह इंटरलाकिंग सड़क व नाली के लोकार्पण के बाद स्कूल प्रांगण में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। नगर पालिकाध्यक्षा ने यह भी कहा कि कोरोना काल में जहां नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया, वहीं बाहर से आने वाले यात्रियों को मुफ्त खाना वितरित कराया गया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में श्रीमती कंचन मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, डा0 अनुराग मिश्रा, प्रेमशंकर शुक्ला, राम नेवाज ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ज्वाला सिंह ने किया। इस मौके पर मिथिलेष सिंह, राकेष सिंह समेत सियाराम कालोनी के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सिपाही की दबंगई से नाराज नगर पंचायत कर्मियों ने एनएच किया जाम

## मवेशी लेकर गौशाला ले जा रहा था नगर पंचायत का ड्राइवर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को आवारा पशुओं को गौशाला लेकर जा रहे नगर पंचायत के वाहन ड्राइवर को पुलिस ने पशु तस्कर समझ कर पिटाई कर दी। इससे नाराज चालक ने एनएच पर ट्रक को खडी कर जाम लगा दिया।मामले की जानकारी मिलते ही दर्जनों नगर कर्मी भी पहुंच कर सड़क पर बैठ गए और पुलिस के विरूद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। जानकारी पर पहुंचे कोतवाल ने समझा-बुझाकर किसी तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग को खाली कराया।

### पशु तस्कर समझ कर पुलिस ने कर दी पिटाई



नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते नगर पंचायत कर्मी।

स्थानीय नगर पंचायत का चालक रविवार की सुबह सांगीपुर क्षेत्र के नारायणदासपुर से आवारा पशुओं को ट्रक पर लादकर लीलापुर स्थिति गौशाला लेकर जा रहा था।लालगंज चैराहे पर तैनात एक सिपाही ने पशु तस्कर समझ कर उसकी पिटाई कर दी। इससे नाराज चालक ने ट्रक को लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी कर जाम लगा दिया। मामले की जानकारी मिलते ही दर्जनों नगर कर्मी भी आकर सड़क पर बैठकर पुलिस के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गए। घंटों लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस बीच सड़क पर आवागमन बाधित होने की वजह से काफी भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही कोतवाल कमलेश पाल भी पहुंच गए। अक्रोशित नगर कर्मियों को किसी तरह समझा-बुझाकर एनएच को खाली कराया। उसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

# जिला मजिस्ट्रेट ने तीन गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 03 व्यक्तियों को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना कुण्डा ग्राम महुआतर कस्बा कुण्डा के विमलेश सोनी पुत्र राम बाबू, ग्राम बहरिया चैसा के इन्द्रजीत यादव पुत्र आसाराम यादव व ग्राम शीतलपुर रैयापुर के धीरज कुमार पुत्र अशोक कुमार मिश्रा उर्फ मुन्नू को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# पांच वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 28्97 धारा 323, 325, 504 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त नन्हें लाल पुत्र वंशीलाल नि0 ग्राम तिरक्षा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

उधर थाना जेठवारा के उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान एसटीनं0 28/20 धारा 128 जामा फौजदारी मा0 न्यायालय परिवार प्रधान न्यायाधीश से संबंधित वारण्टी अभियुक्त मो0 सिद्दीक पुत्र हनीफ नि0 डेरवा बाजार गुदरी मोहल्ला थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ तथा एसटीनं0 968/17 धारा 452, 323, 504, 506, 356, 427 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त राममहेश पुत्र मेवालाल नि0 दुन्दा का पुरवा भावनपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज के उ0नि0 फिरोज खां मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0न0 2732/11 धारा 279, 337, 504, 506, 427 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त राजा राम पुत्र रामदास नि0 ग्राम दमदम थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज के उ0नि0 अंकित तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0न0 174/01 धारा 2्3 यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त पप्पू उर्फ राजकुमार पुत्र बृजलाल नि0ग्राम रामगढ़ थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना महेशगंज से उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी म0आरक्षी आरती यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम ऐमापुर मकहर के पास से शीला देवी पत्नी मुन्ना लाल जनपद प्रतापगढ़ को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 11/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

# ट्रेन की चपेट में आने से 7 गाय की मौके पर दर्दनाक मौत, गांव में मचा हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर परियावां व अरखा स्टेशन के बीच छिदौरा 37 सी रेलवे फाटक के निकट कोराली गांव के पश्चिम छोर पर भोर पहर रेलवे ट्रैक किनारे अलग अलग जगह पर 7 गाय की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

रविवार की सुबह जब शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर पड़ी तो हड़कम्प मच गया। भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सभी मरे हुए गाय के शव को कौए व कुत्ता नोच नोचकर अपना निवाला बना रहे थे। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता व भाजपा कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा ने नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी को दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपने उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व हम राही के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर ग्रामीणों से पूछताछ किया। एक साथ आधा दर्जन गाय के संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की तरह तरह की चर्चा सुनाई दे रही है जिसमें कुछ लोग यह चर्चा कर रहे थे, अपनी फसल को बचाने के लिए लोग जानवर को रेलवे ट्रैक किनारे खड़ा कर देते है जो ट्रेन के गुजरने के दौरान चपेट में आ गये जिससे मौत हो गई। कुछ लोग यह कह रहे है कि ट्रेन आने के समय कोई जानवर को खदेड़ दिया होगा जिससे मौत हो गई। बहरहाल मौके पर पँहुची पुलिस ने ग्राम प्रधान प्रदीप गुप्ता को जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर उसमें मरे हुये गाय को गड़वाने की बात कहकर चले गए। इस बाबत अधिक जानकारी करने पर परियावां स्टेशन मास्टर चेतन शुक्ला ने बताया कि इस प्रकार की कोई घटना की जानकारी नही है और न ही किसी ट्रेन के ड्राइबर व गार्ड ने मेमो व वाकी टाकी से कोई सूचना दी है। ग्राम प्रधान ने एसओ के निर्देश पर जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर सभी गाय को गड्ढे में डालकर ऊपर से मिट्टी डलवा दिया।

# एसपी ने पुलिस चेक पोस्ट का किया उद्घाटन

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के कमासिन बाजार में बने पुलिस चेक पोस्ट का एसपी सतपाल अंतिल ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में एसडीएम कुंडा सतीश त्रिपाठी, सीओ सदर पवन त्रिवेदी, एडिशनल एसपी पूर्वी विद्यासागर मिश्रा, थानाध्यक्ष बाघराय अवन कुमार दीक्षित सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस चेकपोस्ट बनने से अपराध में कमी आएगी। मैंने अच्छी पुलिसिंग के लिए जिले में पुलिस चेक पोस्ट का निर्माण कराया है। पुलिस चेक पोस्ट पर बैरियर भी लगाया गया। पुलिस चेक पोस्ट पर हमेशा पुलिस मौजूद रहने से अपराध और अपराधियों के विरुद्ध तेज कार्यवाही हो रही है।

# मां ज्वाला देवी मानिकपुर मंदिर ट्रस्ट कमेटी की बैठक आयोजित

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर परिसर में मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मंदिर परिसर से संबंधित तमाम योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान देवी जी की मूर्ति मे कुछ क्षति हुई है जिस माता रानी की मूर्ति पुनर्स्थापित किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है जिसका कमेटी के सभी सदस्यों ने समर्थन किया। कमेटी के निर्णय से जिलाधिकारी/अध्यक्ष उपजिलाधिकारी/उपाध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा। उच्च अधिकारियों का नियमानुसार आदेश प्राप्त होते होते ही मूर्ति लगवाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बैठक में सचिव डॉ विजय यादव, सदस्य फूलचंद यादव, त्रिभुवन नाथ यादव, राममूर्ति यादव, अनिल कुमार मौर्य, तुलसीराम पटेल समेत सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

# शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़ोः देशदीपक

## बच्चा बैंक फ्रेंड्स के आशीर्वाद कार्यक्रम में छात्रों से रूबरू हुए मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा दहाड़ेगा..। आप सभी को उसको आत्मसात करने की जरूरत है। शिक्षा को हथियार बनाकर एक काबिल इंसान बनो।

मकर संक्रांति पर्व पर रीवर डेल पब्लिक स्कूल में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सोने लाल पटेल मेडिकल

### रीवरडेल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डाक्टरों ने छात्रों को टिप्स दिए



आशीर्वाद कार्यक्रम में मौजूद मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर्य देशदीपक व अन्य।

कॉलेज के पूर्व और हरदोई मेडिकल के प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक ने कुछ इस तरह से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रुप के मार्ग दर्शन में पढ़ रहे जरूरतमंद छात्रों की वे मदद करेंगे। उन्होंने ग्रुप द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ मनोज खत्री ने कहा कि जो भी छात्र इस बार बोर्ड परीक्षा में अव्वल आयेंगे। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अतिथि प्रबंधक इमरान खान ने हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि गरीब छात्रों की पढ़ाई में मदद कर रहा बीबीएफजी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्राफ्ट की चीजों को बनाने में माहिर छात्र साहिल को जैकेट से सम्मानित किया। अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार ने हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने भी छात्रों को पढ़ाई के टिप्स दिए। इस मौके पर अतिथियों का शाल और बुके से सम्मान किया गया। इसके पूर्व सरस्वती पूजन हुआ। खिचड़ी का वितरण हुआ अध्यक्षता अश्वनी केसरवानी ने की। संचालन ट्रेन मैनेजर वीके तिवारी ने किया। आभार सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दामिनी, शुभम, हिमांशु, लवकुश, रागिनी, नैंसी, अंशू, नैतिक प्रजापति, साहिबा, शिवम, आरके शर्मा, सतीश, सानू और प्रभात समेत कई लोग मौजूद थे।

# माइक्रो प्लान बनाकर परिवार कल्याण कार्यक्रमों में लाएं प्रगति : डीएम

## जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को माइक्रो प्लान बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा आशाओं के भुगतान में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियुक्त सर्जनों द्वारा की गई सर्जरी की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेषज्ञ सर्जनों का सदुपयोग कर और प्रगति सुनिश्चित किया जाय। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दिसम्बर माह में कुल 13710 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए है तथा अब तक कुल 202770 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सैम बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों की जॉच की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि जिन उपकेंद्रों पर प्रसव केंद्र बनाए जा सकते है, उन उपकेंद्रों पर प्रसव केंद्र अवश्य बनायी जाय। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली में अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आरसीएच पोर्टल पर फीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि विशेषकर आकांक्षात्मक ब्लॉक मंझनपुर एवं कौशांबी में विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य टीम स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजकर नियमिति रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ठीक प्रकार से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि वीएचएसएनडी सेशन पर जिन ए0एन0एम0 एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा सभी आवश्यक लॉजिस्टिक नहीं ले जायी जा रही है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाए जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सी0एम0एस0 डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य समिति की बैठक करते जिलाधिकारी साथ में मुख्य चिकित्साधिकारी

# चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से गायब हो गए जिला पंचायत सदस्य

## समाजवादी का दामन छोड़कर भाजपा की गोद में जाकर बैठ गया मौका परस्त दलबदलू जिला पंचायत सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य झूठे वादों का पुलिंदा खड़ा कर समाजवादी के बैनर से चुनाव जीतकर जिला पंचायत सदस्य दलबदलू मौकापरस्त बन कर समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की गोद में जाकर बैठ गया है। दलबदलू जिला पंचायत सदस्य ने क्षेत्रीय जनता और समाजवादी पार्टी को भी मूर्ख बनाने का काम बड़ी चालाकी के साथ किया है। जिला पंचायत सदस्य के कारनामे को देखकर क्षेत्रीय जनता पूरी तरह से आक्रोशित हो उठी है। समय आने पर उक्त जिला पंचायत सदस्य को क्षेत्रीय जनता मुहतोड़ जवाब देने की कोशिश जरूर करेगी क्षेत्रीय जनता की मुखजुबानी के अनुसार दल बदलने के कारण दलबदलू जिला पंचायत सदस्य का राजनैतिक कैरियर कम समय में ही अंतिम कगार पर पहुंच गया है। प्रयागराज जनपद के भगवतपुर विकास खण्ड क्षेत्र के वार्ड नंबर 49 से समाजवादी का नेता समझकर जनता ने चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से जिला पंचायत के चुनाव में बिजय दिलाई थी चुनाव जीतने के बाद जिला पंचायत सदस्य ने समाजवादी पार्टी का दामन छोड़ दिया और भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए उसके बाद से जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र से पूरी तरह गायब हो गए है। उक्त जिला पंचायत सदस्य से जनता क्षेत्र के विकास की उम्मीद लगाकर बैठी थी जो अब जनता की उम्मीदों पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है।


समाजवादी पार्टी नेताओं के साथ मौजूद जिला पंचायत सदस्य


भाजपा नेताओं के साथ मौजूद जिला पंचायत सदस्य

## रसूखदार लोगों से पकड़ होने के कारण आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को दिखाता है ठेंगा!

# जिला पंचायत सदस्य के संरक्षण में फल फूल रहा अवैध कारोबार का धंधा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना से चंद कदम दूर तिल्हापुर मोड़ पर स्थित एक दुकान से गांजा, अफीम, चरस एवं हीरोइन जैसे तमाम नशायुक्त पदार्थों की बिक्री की जाती है जिसका सेवन करने से तमाम लोग आसानी से मौत के मुहाने तक पहुंच रहे हैं। यह नशा आसानी से उपलब्ध होने के कारण फैशन के दौर में आज की युवा पीढ़ी ने नशा को सौख बना लिए हैं जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।अवैध कारोबार का संरक्षणदाता कोई और नहीं बल्कि सफेदपोश नेता एक जिला पंचायत सदस्य है। तिल्हापुर मोड़ में जिला पंचायत सदस्य के संरक्षण में लोगों को नशा के रूप में मौत बाटने का काम किया जाता है। उक्त जिला पंचायत सदस्य काली कमाई के दम पर कम समय में अकूत संपत्ति का मालिक बन गया है। सफेदपोश की आड़ में काली कमाई का राज आसानी से छिप जाता है। जिला पंचायत सदस्य के द्वारा अवैध तरीके से काली कमाई के दम पर अर्जित की गई संपत्ति पर योगी सरकार का बुलडोजर कब चलेगा क्षेत्रीय लोगों को इस बात काबेशब्री से इंतजार है।मजबूत पकड़ और रसूखदार लोगों से पहचान होने के कारण पुलिस विभाग और आबकारी विभाग को जेब में रखकर धंधा संचालित करने की बात लोगों के बीच में वह करता है। अवैध कारोबार का धंधा कई वर्षों से बिना रोक-टोक संचालित हो रहा है इस धंधे से अर्जित की गई काली कमाई का एक चौथाई हिस्सा पुलिस विभाग, आबकारी विभाग एवं अन्य लोगों के बीच समय - समय पर पहुंचाया जाता है जिससे गांजा, अफीम, चरस एवं हीरोइन जैसे तमाम नशायुक्त मादक पदार्थों की बिक्री आसानी से होती रहे योगी सरकार के नुमाइंदों से क्षेत्रीय लोग आग्रह करते हुए उक्त जिला पंचायत सदस्य को चिन्हित कर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजने की मांग कर रहे हैं जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होने से बच सके।

# काली फिल्म वाली कार सर्राफा की दुकान के बाहर खड़ी करने को लेकर विवाद, जमकर मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** 3 दिन पहले काली फिल्म लगी कार के मामले में पुलिस को सचेत किए जाने के बाद भी पुलिस ने कार मालिक पर कार्यवाही नहीं की थी जिससे कार मालिक के हौसले बुलंद थे रविवार को कार मालिक ने सरार्फा व्यवसायियों के साथ मारपीट की है मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक काली फिल्म चढ़ी कार पर कार्यवाही नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड स्थित रमेश सोनी की सरार्फा की दुकान के बाहर गिरसा गांव का शशांक प्रतिदिन अपनी काली फिल्म वाली कार खड़ी कर चला जाता है,जिसको लेकर दुकानदार रमेश सोनी ने कई बार कहा लेकिन वह नही माना रविवार को प्रतिदिन की तरह शशांक फिर से कार खड़ी कर दिया जिसके बाद रमेश ने मना किया तो शशांक ने गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी।मारपीट में सरार्फा व्यापारी रमेश सोनी चोटहिल हो गया।पीड़ित दुकानदार ने इसकी शिकायत भरवारी चौकी पुलिस सहित कोखराज थाना प्रभारी से की है।शिकायत पाने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।


दुकान के बाहर खड़ी काली फिल्म चढ़ी कार

# सीसीटीवी में फुटेज आने के 8 महीने बाद भी बाइक चोर को नहीं खोज सकी पुलिस!

**अखंड भारत संदेश**

## थाना पुलिस की लगातार लापरवाही से आखिर बाइक चोरी की घटनाओं में कैसे लगेगी रोक

**कौशांबी।** जिले में बाइक चोर गैंग के हौसले बुलंद है आए दिन बाइक चोरी कर चोर फरार हो जाते हैं तमाम बाइक चोरी की घटना में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक चोर के चेहरे स्पष्ट दिखाई पड़ रहे हैं पुलिस को सीसीटीवी कैमरे के साक्ष्य उपलब्ध कराने के बाद भी बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में लगातार थाना पुलिस उदासीन बनी है जिससे बाइक चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही है आए दिन जिले में बाइक चोरी होती है पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर कुछ दिनों तक तो तेजी दिखाती है कुछ लोगों को पकड़कर फिर छोड़ देती है उसके बाद पुलिस की जांच की दिशा ठंडी पड़ जाती है इससे पुलिस की गतिविधियों पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं मंझनपुर कोतवाली सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में आए दिन बाइक चोर बाइक को चोरी करके उठा ले जाते हैं बाइक चोरी के तमाम मामलों में सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोर की फोटो साफ तौर से दिखाई पड़ने के बाद भी पुलिस चोरों को गिरफ्तार नहीं कर पाती है जिससे घटना के पीड़ित परिवारों में अब पुलिस से निराशा दिखाई पड़ने लगी है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मंझनपुर मुख्यालय के नेहरू नगर मोहल्ला निवासी कल्लू सोनी की बेटी की शादी के 4 दिन पहले 18 अप्रैल 2022 को उनकी मोटरसाइकिल को दिनदहाड़े बाइक चोर उठा ले गए कल्लू सोनी जीवनदायिनी अस्पताल गए थे वहीं से उनकी बाइक चोरी की गई है अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोरी करते चोरों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद है कल्लू सोनी ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तुरंत उपलब्ध करा दी पुलिस ने मामले में मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन घटना को 8 महीने से अधिक बीत चुके हैं चोरों का चेहरा स्पष्ट होने के बाद भी चोरों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसी तरह मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी आशुतोष त्रिपाठी की बाइक उनके घर से 3 महीने पहले 11 अक्टूबर को चोर उठा ले गए हैं उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोरी की घटना कैद है फुटेज में जो चेहरा दिखाई पड़ रहा है वह चेहरा मूरतगंज क्षेत्र के बलिहावा गांव के एक युवक का है बताया जाता है कि यह युवक करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है और बाइक चोरी की घटना में पहले भी जेल जा चुका है आशुतोष त्रिपाठी ने भी मामले की सूचना के साथ-साथ सीसीटीवी की फुटेज मंझनपुर कोतवाली पुलिस को उपलब्ध कराई चोर का खुलासा होने के 3 महीने बाद भी कोतवाली पुलिस बाइक चोर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है थाना पुलिस की लगातार लापरवाही से आखिर बाइक चोरी की घटनाओं में कैसे रोक लगेगी जब बाइक चोर के चिन्हित होने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी में थाना पुलिस बराबर लापरवाही बरतती रहेगी विवेचना के दौरान पुलिस ने अभी तक बाइक चोर को अभिलेखों में नामजद नहीं किया है बाइक चोरों के चिन्हित होने के बाद गिरफ्तारी न किए जाने से कोतवाली पुलिस के कार्यशैली पर आम जनता तरह-तरह के सवाल उठा रही है चोरों से सांठगांठ और अवैध वसूली का भी आरोप कोतवाली पुलिस पर बराबर लग रहा है लेकिन कोतवाली पुलिस वर्दी को शर्मसार करने पर लगी है।

# बॉर्डर के गांवों का पुलिस अधीक्षक ने किया भ्रमण

## पुलिस चौकी अलीपुर जीता तथा पुलिस चौकी घोसियाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण


बॉर्डर क्षेत्र में भ्रमण करते पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शीत ऋतु में एक-दूसरे के बॉर्डर में जाकर अपराधी जो गतिविधियां करते हैं उनके दृष्टिगत थाना कड़ाधाम के बॉर्डर के गांवों का भ्रमण पुलिस अधीक्षक ने किया है तथा फतेहपुर व प्रतापगढ़ बॉर्डर पर बने पुलिस बूथों की पुलिस व्यवस्थापन की समीक्षा पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कड़ाधाम अंतर्गत चौकी अलीपुर जीता तथा चौकी घोसियाना का औचक निरीक्षण किया चौकी कार्यालय के रजिस्टरों व अभिलेखों को एसपी द्वारा चेक किया गया एवं उनको अद्यावधिक रखने व रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैरक और चौकी परिसर का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया व सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने थाना मंझनपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया इस दौरान महिला हेल्पडेस्क, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, सिपाही बैरक, भोजनालय, बंदीगृह आदि का निरीक्षण किया महिला उत्पीडन रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, फ्लाईशीट, चिक खुराक, भूमि विवाद रजिस्टर और अन्य रजिस्टर का निरीक्षण कर क्षेत्राधिकारी ने अधीनस्थों को कानून का पाठ पढ़ाया दंगा निरोधक कार्ययोजना व लंबित विवेचनाओं, कृत निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा की गई तथा थाना पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशील और संवादपूर्ण पुलिसिंग के लिए ब्रीफ किया।

## हवा में तैर रहे हत्या के साक्ष्य पुलिस बन रही अनजान!

**एक ग्राम प्रधान ने पुलिस से सेटिंग बनाने के नाम पर आरोपियों से 4 लाख रुपए की रकम वसूल ली , चारपाई के नीचे गोरसी में आग ठंडी होने पर उसका भौरा गर्म राख रखा जाता है और गर्म राख से कभी चारपाई में आग नहीं लग सकती**

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बदनपुर गंगा कछार में 07 जनवरी को एक वृद्ध महिला की अधजली लाश मिली थी सूचना पाकर थाना पुलिस के साथ आला अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था दो दिन बाद महिला की शिनाख्त अंगी देवी उम्र 80 वर्ष पत्नी बचान निवासी काजू थाना चरवा के रूप में हुई थी महिला अपने दामाद शीतला पंडा निवासी अमनी लोकीपुर थाना संदीपन घाट के घर में रह रही थी शिनाख्त के बाद महिला के मौत के कारण की चर्चा जन-जन की जुबान में है महिला की मौत के कारण के साक्ष्य हवा में तैर रहे हैं लेकिन पुलिस उसके बाद भी अनजान बन रही है घटना को 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे में नहीं पहुंची है चचार्ओं पर जाएं तो महिला ने अपनी बेशकीमती जमीन बेच कर पैसा ले लिया था और अपने खास को रकम दे दी थी लेकिन बाद में वृद्ध महिला अपनी रकम मांगने लगी जिस पर महिला को रकम ना देना पड़े कहीं इसी मकसद से वृद्ध को मौत के घाट तो नहीं उतारा गया है जिस तरह से पुलिस कहानी बता रही है आम जनमानस को हजम नहीं हो रही है एक ग्राम प्रधान ने पुलिस से सेटिंग बनाने के नाम पर आरोपियों से 4 लाख रुपए की रकम वसूल ली है अब कितना हिस्सा पुलिस तक पहुंचा है यह अलग जांच का विषय है इस संबंध में दर्जनों ग्रामीणों से बात की गई तो ग्रामीणों का कहना है कि चारपाई के नीचे गोरसी में आग रख देने से चारपाई में आग नहीं लगती हैं यह गांव-गांव घर-घर उपयोग किए जाने वाली प्रथा है यदि गोरसी की आग से वृद्ध महिला की मौत हुई है तो इसके पीछे भी बड़ी साजिश हो सकती है क्योंकि चारपाई के नीचे गोरसी में आग ठंडी होने पर उसका भौरा गर्म राख रखा जाता है और गर्म राख से कभी चारपाई में आग नहीं लग सकती है घटनास्थल के परिस्थिति जन्य साक्ष्य पर भी पुलिस को गहन जांच किए जाने की जरूरत है यदि पुलिस ने वृद्ध महिला के मौत के मामले में बारीकी से जांच की तो महिला की मौत के कारण से जल्द पर्दा उठ जाएगा इस संबंध में थाना अध्यक्ष से बात की गई तो उनका कहना है कि वह बाहर हैं इसलिए कुछ स्पष्ट तौर से वह जवाब नहीं दे सके विवेचक से बात की गई तो उनका कहना है कि अभी उनके पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है जब तक उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिलेगी तब तक कुछ कह पाना असंभव है।

## न्यूज झरोखा

### समाज सेवियों ने मकरसंक्रांति पर्व पर दमआलू बूंदी लड्डू खिचड़ी का चलाया लंगर प्रसाद



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों के तमाम समाजसेवियों आम जनमानस दर्शनार्थियों को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दमआलू खिचड़ी बूंदी लड्डू का प्रसाद ग्रहण कराया गया है। मकर संक्रांति के पर्व पर नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग हनुमान मंदिर में अझुवा के ही समाजसेवी चेयरमैन पद के संभावित दावेदार सुनील साहू ने विशाल भंडारे का आयोजन किया है इस दौरान सुनील साहू ने अझुवा के हनुमान मंदिर में बूंदी लड्डू और दमआलू का वितरण मकर संक्रांति रविवार के दिन सुबह से शुरू करा दिया सुनील साहू द्वारा आयोजित बूंदी लड्डू दमआलू के भंडारे में देर शाम तक सैकड़ों भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी बाजार में समाजसेवियों ने तहरी के रूप में निर्मित खिचड़ी को बाजार में आए क्षेत्रवासियों और दुकानदारों को प्रसाद ग्रहण कराया है नगर पंचायत कड़ा धाम के पतित पावनी मां गंगा का स्नान दर्शन पूजन को आए भक्तों को भारतीय जनता पार्टी के नवयुवक चहेते नेता राहुल कुशवाहा ने खिचड़ी खिला कर मकर संक्रांति की बधाई दी है।

### निर्बल असहाय वृद्धजनों के साथ सीडीओ ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व



**कौशांबी।** सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति का पर्व जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है प्रभास गिरी पर्वत में मकर संक्रांति के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है इस मेले में लाखों की भीड़ होती है मकर संक्रांति के दिन गंगा व यमुना नदी के विभिन्न घाटों में लाखों भक्त गंगा और यमुना नदी में डुबकी लगाकर स्नान करते हैं मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर निर्बल असहाय वृद्ध जनों के साथ मकर संक्रांति के पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया। उन्होंने निर्बल असहाय और वृद्ध जनों को कम्बल मिष्ठान व खिचड़ी का वितरण किया। वृद्धजन आश्रम ओसा मंझनपुर में आयोजित खिचड़ी भोज में वृद्ध जनों के साथ मुख्य विकास अधिकारी शामिल हुए और बृद्धजनो के साथ पंगत में बैठकर खिचड़ी खाया सीडीओ के इस उदारता की जिले में चर्चा होती रही है। वृद्धजन आश्रम में खिचड़ी भोज में आश्रम संचालक आलोक राय सहित तमाम महिला पुरुष वृद्धजन मौजूद रहे।

### पिता की पुण्यतिथि पर समाजसेवी ने बांटे कम्बल



**अझुवा कौशाम्बी।** प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी पूर्व ब्लॉक प्रमुख कड़ा प्रबल प्रताप सिंह उर्फ रामू0 सिंह ने अपने पिता के पुण्यतिथि पर सैकड़ों गरीबों को कम्बल बांटा है। मुख्य अतिथि सिराथू सर्किल ऑफिसर कृष्ण गोपाल सिंह के कर कमलों द्वारा गरीब असहाय,दिव्यांग महिला पुरुषों को सैकड़ो कम्बल बांटकर इस गलन वाली सर्दी में राहत प्रदान करने की कोशिश की है। हालांकि जिला प्रशासन ने कर्मचारियों जिम्मेदारों को शीतलहर से जरूरत मन्दो को बचाव हेतु कम्बल बंटवाने का आदेश दे रखा है कुछेक जगहों पर प्रशासन ने कम्बल वितरण भी किया कुछेक समाजसेवियों ने भी गरीब जरूरत मन्दो को कम्बल शीत वस्त्र देकर सहयोग किया है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति एवम पूज्य पिता की पुण्यतिथि पर कड़ा ब्लॉक के डोलची गाँव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह उर्फ रामू सिंह ने अपने आवास पर करीब 400 कम्बल का वितरण गरीबों के बीच किया जरूरत मंद कम्बल पाकर पूर्व प्रमुख की भूरि भूरि प्रशंशा की है कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्किल ऑफिसर सिराथू डॉ कृष्ण गोपाल सिंह, नायब तहसीलदार अंकिता पाठक सैनी कोतवाली प्रभारी भुवनेश चौबे अविनाश बहादुर सिंह आनंद सिंह चंद्रकांत पांडेय होम्योपैथी डॉक्टर सोनू सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मंझनपुर के खिचड़ी भोज में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**कौशाम्बी।** मकर संक्रांति के दिन गंगा यमुना के घाट के साथ-साथ कस्बे बाजार में व्यापारियों द्वारा जगह-जगह पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया था मनौरी पूरामुफ्ती अझुवा सराय अकिल चायल चरवा मंझनपुर भरवारी सिराथू मूरतगंज आदि स्थानों पर व्यापारियों द्वारा बड़े स्तर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है इसी तरह मंझनपुर मुख्यालय के नेहरू नगर के शिव मंदिर में नगर के व्यापारियों द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है खिचड़ी भोज के आयोजन में हजारों लोगों ने खिचड़ी खाई है मंझनपुर की खिचड़ी भोज का आयोजन मुकुंदी लाल केसरवानी कल्लू सोनी राजन केशरवानी सुशील कुमार केसरवानी चट्टू जय नारायण गुप्ता गौतम वर्मा पंकज केशरवानी गामा संजीत कुमार डॉ मंजीत पाल डॉक्टर सागर सिंह आदि लोगों के सहयोग से आयोजित किया गया है।

### सपा कार्यकताओं ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन



**भरवारी कौशाम्बी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी एवं मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव का 46 वां जन्मदिन केक काटकर भरवारी कस्बे में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया है और इस दौरान डिंपल यादव के स्वस्थ और लंबी आयु की कामना ईश्वर से की है इस दौरान सपा कार्यकताओं ने लोगों में मिठाइयाँ बांटकर जश्न मनाया। भरवारी कस्बे में सपा नेता व युवा ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव महबूब आलम उर्फ सज्जू के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी एव मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव का 46 वां जन्मदिन केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया? गया। इस दौरान सपा नेता महबूब आलम उर्फ? सज्जू ने कहा कि सांसद डिम्पल यादव ने दिवंगत नेता स्व मुलायम सिंह यादव के सपने को साकार किया है और मैनपुरी से प्रचंड जीत हासिल की है।इस मौके पर उपस्थित लोगों को फल व मिठाई भी बांटी गई ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इसरार अहमद ,राहुल श्रीवास्तव ,चरण यादव ,मोहम्मद आसिफ, शादाब खान सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर भरवारी में श्रद्धालुओं को खिचड़ी खिलाकर समाजसेवियों ने मनाया मकर संक्रांति का त्योहार



**भरवारी कौशाम्बी।** मकर संक्रांति का पर्व पूरे जिले में बड़े धूमधाम से मनाया गया है जगह-जगह नगर वासियों ने खिचड़ी भोज आयोजित किया है भरवारी कस्बे के नया बाजार मोहल्ले में स्थित हनुमान मंदिर के बाहर समाजसेवियों ने खिचड़ी का वितरण किया,मकर संक्रान्ति पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगो को खिचड़ी खिलाकर समाजसेवियों ने मकर संक्रान्ति का त्योहार मनाया इस दौरान सुभाष चंद्र,प्रकाश चंद्र,रवि ,राजेश विशाल वाच,वेद प्रकाश डैनी,निरंजन लाल केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संपादकीय

# 'पाकिस्तान को एक मोदी चाहिए'

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**पाकिस्तान** के आजकल जैसे हालात हैं, मेरी याददाश्त में भारत या हमारे पड़ोसी देशों में ऐसे हाल न मैंने कभी देखे और न ही सुने। हमारे अखबार पता नहीं क्यों, उनके बारे में न तो खबरें विस्तार से छाप रहे हैं और न ही उनमें उनके फोटो देखे जा रहे हैं लेकिन हमारे टीवी चैनलों ने कमाल कर रखा है। वे जैसे-तैसे पाकिस्तान के चैनलों के दृश्य अपने चैनलों पर आजकल दिखा रहे हैं। उन्हें देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के लोग हमारी भाषा बोलते हैं और हमारे जैसे ही कपड़े पहनते हैं। वे जो कुछ बोलते हैं, वह न तो अंग्रेजी है, न रूसी है, न यूक्रेनी। वह तो हिंदुस्तानी ही है। उनकी हर बात समझ में आती है। उनकी बातें, उनकी तकलीफें, उनकी चीख-चिल्लाहटें, उनकी भगदड़ और उनकी मारपीट दिल दहला देनेवाली होती है। गेहूं का आटा वहां 250-300 रुपये किलो बिक रहा है। वह भी आसानी से नहीं मिल रहा है। बूढ़े, मर्द, औरतें और बच्चे पूरी-पूरी रात लाइनों में लगे रहते हैं और ये लाइनें काफी लंबी होती हैं। वहां ठंड का पारा शून्य से भी काफी नीचे होती है। आटे की कमी इतनी है कि जिसे उसकी थैली मिल जाती है, उससे भी छीनने के लिए कई लोग बेताब होते हैं। मारपीट में कई लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं।

पाकिस्तान के पंजाब को गेहूं का भंडार कहा जाता है लेकिन सवाल यह है कि बलूचिस्तान और पख्तूनख्वाह के लोग आटे के लिए क्यों तरस रहे हैं? यहां सवाल सिर्फ आटे और बलूच या पख्तून लोगों का ही नहीं है, पूरे पाकिस्तान का है। पूरे पाकिस्तान की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, क्योंकि खाने-पीने की हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब लोगों के तो क्या, मध्यम वर्ग के भी पसीने छूट रहे हैं। बेचारे शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री क्या बने हैं, उनकी शामत आ गई है। वे सारी दुनिया में झोली फैलाए घूम रहे हैं। विदेशी मुद्रा का भंडार सिर्फ कुछ हफ्तों का ही बचा है। यदि विदेशी मदद नहीं मिली तो पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद हो जाएगा। अमेरिका, यूरोपीय राष्ट्र और सउदी अरब ने मदद जरूर की है लेकिन पाकिस्तान को कर्जे से लाद दिया है। ऐसे में कई पाकिस्तान के मित्रों ने मुझसे पूछा कि भारत चुप क्यों बैठा है? भारत यदि अफगानिस्तान और यूक्रेन को हजारों टन अनाज और दवाइयां भेज सकता है तो पाकिस्तान तो उसका एकदम पड़ोसी है। मैंने उनसे जवाब में पूछ लिया कि क्या पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी का धर्म निभाया है? फिर भी, मैं मानता हूं कि नरेन्द्र मोदी इस वक्त पाकिस्तान की जनता (उसकी फौज और शासकों के लिए नहीं) की मदद के लिए हाथ बढ़ा दें तो यह उनकी एतिहासिक और अपूर्व पहल मानी जाएगी। पाकिस्तान के कई लोगों को टीवी पर मैंने कहते सुना है कि 'इस वक्त पाकिस्तान को एक मोदी चाहिए।'

**(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)**

# मंजिल की जुस्तुजू में मेरा कारवां तो है ?

**तनवीर जाफरी**

**कांग्रेस** नेता राहुल गाँधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही "भारत जोड़ो यात्रा" अब अपने समापन की ओर अग्रसर है। लगभग 3700 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पद चिन्हों चलते हुये जहां राहुल गांधी ने देश के प्रत्येक क्षेत्र व वर्ग के लोगों से संवाद स्थापित कर देश का मिजाज जानने की सफल कोशिश की वहीं इस पूरी यात्रा के दौरान भाव विह्वल कर देने वाले भी कई क्षण देखने को मिले। रास्ते में जहां लाखों दुखी,संकटग्रस्त,बेरोजगार,गरीब व परेशान हाल लोग राहुल गाँधी से गले मिलकर रोते व सिसकियाँ लेते दिखाई दिये वहीं राहुल गाँधी इसी यात्रा के दौरान कभी अपनी मां सोनिया गाँधी के तो कभी यात्रा में साथ चलने वाले अन्य बच्चों के जूते के फीते जमीन पर बैठ कर बांधते नजर आये। कभी राहुल किसी बुजुर्ग का सहारा बनते दिखाई दिये तो कभी किसी बच्चे को अपने कंधे पर बिठा कर पैदल यात्रा करते नजर आये। गोया नफरतों को मिटाकर जिस मुहब्बत का पैगाम देने के लिये राहुल ने देश के दक्षिण छोर से उत्तरी छोर तक की यात्रा की उस पूरे रास्ते में वे स्वयं भी मुहब्बत की बरसात ' करते हुये चले। राहुल गांधी ने इस यात्रा के दौरान कई जगह यह बात दोहराई कि -'मैं नफरत के इस बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं '। राहुल के इस कथन के बाद देश के कई इलाकों से समाचार प्राप्त होने लगे हैं कि लोग अपनी दुकानों व संस्थाओं के बाहर 'मुहब्बत की दुकान ' लिखा हुआ बोर्ड लगाने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर पानीपत के एक ऐसे हैंडलूम दुकानदार ने जो पूर्व में किसी अन्य राजनैतिक दल का समर्थक था, उसने भी अपनी दुकान के बाहर राहुल गांधी की फोटो के साथ 'मोहब्बत की दुकान' का साइन बोर्ड लगवाया दिया है। उस हैंडलूम दुकान के मालिक ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अलवर में जब कहा कि 'मैं नफरत के इस बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं '। उनकी इस बात से मैं बहुत प्रभावित हुआ। राहुल ने मुहब्बत का यही पैगाम पानीपत में भी दिया। अब जब यह यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँचने के करीब है राहुल गाँधी ने देश के लोगों को संबोधित करते हुये एक भावुक कर देने वाला पत्र जारी किया है। इस पत्र में उन्होंने जहां यात्रा के अपने अनुभव साँझा किये हैं वहीं यात्रा को अपार स्नेह व समर्थन देने के लिये देशवासियों का आभार भी व्यक्त किया है। राहुल ने अपने पत्र में लिखा है कि -'इस यात्रा में लाखों भारतीय हमारे साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले। यह मेरे जीवन की सबसे समृद्ध यात्रा थी, और मैं उस प्यार और स्नेह से अभिभूत हूं, जो हर एक भारतीय ने हम पर बरसाया है।

# विकास की कीमत विनाश तो न थी !

**अब तक सबकी रुचि तत्काल कुछ कर धर कर समस्या टालने की रही है । टालमटोल करते अनिश्चय के दौर में समय रहते कुछ भी सार्थक नहीं हो सका । इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि सारे के सारे विकास कार्य सरकार की नाक के नीचे उसी की देखरेख में होते रहे हैं। राजनीतिक दल स्वभाव के अनुसार एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपनी अपनी जिम्मेदारी से बड़ी सरलता से मुक्त हो ले रहे हैं**



**इस तरह की जानकारी की सरकारी तंत्र निरंतर उपेक्षा करता रहा। सरकार फाइलों पर सोती रही और पर्यावरण की यह विकराल चुनौती बढ़ती ही गई। सरकारें आती-जाती रहीं , नेता वोट बटोर कर संसद और विधानसभा पहुंचते रहे और पहाड़ दरकता रहा**

**गिरीश्वर मिश्र**

**उत्तराखंड** में विख्यात और पवित्र बद्रीनाथ धाम तथा हेमकुंड साहब का प्रवेश द्वार जोशीमठ आस्थावान भारतीय समाज में श्रद्धा के बड़े महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में समादृत है। पुराने जमाने से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आगे के कठिन रास्ते का पड़ाव रहा है । साथ ही रम्य पर्वतीय स्थल होने से लोगों की बढ़ती आवाजाही ने यहां पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया और यह धार्मिक महत्व का स्थल धीरे-धीरे पैसा बनाने की कमाऊ जगह में तब्दील होने लगा । बाजार , व्यापार की बढ़ती गहमागहमी के साथ यहां भारी भरकम निर्माण कार्य भी तेजी से हुए। इस तरह के विकास और प्रगति की कथा की परिणति या क्लाईमेक्स आज जिस विनाश की लीला दिखा रहा है वह मानव समाज की त्रासदियों की सूची में एक नया अध्याय जोड़ रहा है । जोशीमठ का पहाड़ी भाग , जो पक्का पहाड़ न हो कर असलियत में हिमालय का मलबा है और इसलिए अधिक भार वहन करने में अक्षम है । पर कड़वा यथार्थ यही है कि इस सत्य को झुठलाते हुए मकान-दर-मकान बनते रहे और एक बड़ी जनसंख्या यहां आबाद ही गई । एक भरे पूरे नगर की तर्ज पर जोशीमठ में भी छोटे-बड़े रिहायशी मकानों के अलावे जरूरत के मुताबिक अनेक होटल , अस्पताल , विद्यालय और भी लगातार विकसित होते रहे । चीन के साथ की सीमा के निकट होने के कारण सैन्य प्रतिष्ठान भी बने । इन सब ने कमजोर धरातल पर वहां की क्षमता से ज्यादा वजन डाला । विकास को गति देने के लिए एनटीपीसी के साथ और भी अनेक परियोजनाओं ने परिस्थिति के संतुलन को और तबाह किया । यह सब तब हुआ जब भू-भौतिकी के वैज्ञानिकों की अनुसंधान रपटों में पारिस्थितिकी के बढ़ते क्षरण की समस्या की ओर पिछले तीन-चार दर्शकों में बार-बार ध्यान आकृष्ट किया गया । उन्होंने इस बात का अंदेशा जताया था कि अगर इस पर ध्यान न देकर समय रहते कार्रवाई न हुई तो भारी नुकसान होगा और बड़े हादसे हो सकते हैं । ऐसे बदलावों की आशंका बार-बार व्यक्त की जाती रही कि जिनका कोई विकल्प न होगा ।

इस तरह की जानकारी की सरकारी तंत्र निरंतर उपेक्षा करता रहा । सरकार फाइलों पर सोती रही और पर्यावरण की यह विकराल चुनौती बढ़ती ही गई । सरकारें आती-जाती रहीं , नेता वोट बटोर कर संसद और विधानसभा पहुंचते रहे और पहाड़ दरकता रहा । भू-धंसाव के भय के बीच आज सैकड़ों परिवार बेघर हो रहे हैं । उनके घरों में गहरी दरारें पड़ रही हैं और उनके जर्जर घरों के जमींदोज होने का खतरा आसन्न है । जमीन दरक रही है और उनके नीचे खाई बन रही है । कहते हैं अलकनंदा नदी का जल प्रवाह बढ़ता आ रहा है और पूरा क्षेत्र उसी में समा जाएगा। यह भारत और उसकी अमूल्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अपूरणीय क्षति हो रही है जिसकी भरपाई हो ही नहीं सकेगी । शासन और व्यवस्था किस तरह और किस मनोवृत्ति से काम करते हैं उसे सिर्फ अदूरदर्शिता , लापरवाही और संवेदनहीनता ही कहा जा सकता है ।

अब तक सबकी रुचि तत्काल कुछ कर धर कर समस्या टालने की रही है । टालमटोल करते अनिश्चय के दौर में समय रहते कुछ भी सार्थक नहीं हो सका । इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि सारे के सारे विकास कार्य सरकार की नाक के नीचे उसी की देखरेख में होते रहे हैं। राजनीतिक दल स्वभाव के अनुसार एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपनी अपनी जिम्मेदारी से बड़ी सरलता से मुक्त हो ले रहे हैं । जो भी हो , पाप जिसने भी किया प्रायश्चित्त तो जनता को ही करना है जिन्हें अपना आशियाना गंवाना पड़ रहा है और अकल्पनीय बबार्दी का साक्षी होना पड़ रहा है । लोभ की वृत्ति और लाभ का आकर्षण अंततः विनाशकारी ही साबित हो रहा है । अब उजड़ते लोगों के पुनर्वास की कारवाई शुरू हो रही है जिसकी मुश्किलें अंतहीन हैं । मुआवजे को लेकर खींचतान जारी है । यहां भी व्यवस्था की सरकारी प्रणाली हृदयहीन भाव से काम कर रही है और उसकी सीमाएं हैं । राजनीति उसमें भी हो रही है। आज विनाश का प्रबंधन भी सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए ।

पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की दुर्घटनाएं हुई हैं उनके पीछे आर्थिक लाभ के लिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ और उसकी पारिस्थितिकी को तहस-नहस करने की खास भूमिका रही है । प्रकृति के ये स्रोत जैसे हैं हैं वे फिर से उगाए नहीं जा सकते । नदियां, पर्वत, उनके साथ लगी विविध प्रकार की वनस्पति, जीव- जंतुओं की प्रजातियां और उनसे उपजती और नियमित होती जलवायु उनका आंतरिक मामला है क्योंकि वे हर तरह से ह्यनान रिन्युएबल हैं । उनके खोने पर उन्हें पाना असम्भव है । यह तो यहां धरती के रहवासी मनुष्य को सोचना है कि वह प्रकृति के साथ क्या और किस तरह का सलूक करे । अपने को प्रकृति से बाहर रख कर उसे अपने निजी उपभोग का विषय बनाना , उसका यथा सम्भव शोषण करना सतही और फौरी दृष्टि से फायदेमंद हो सकता है पर अंततः प्रकृति , जीवन और स्वयं मनुष्य के ही खिलाफ होगा । पश्चिमी औपनिवेशिक जकड़न से अलग हए गरीब, पिछड़े और सीमित संसाधनों वाले देशों के सामने आगे की राह क्या हो इस प्रश्न को ले कर असमंजस था । उन्हें शिक्षा , स्वास्थ और रोजगार जैसे प्रश्नों का उत्तर तलाशना था । यद्यपि संस्कृति और इतिहास की दृष्टि से वे भिन्न थे उनकी उन्मुखता और तैयारी उपनिवेश के माहौल में हुई थी । इसके चलते वे अधिकतर याचक की भूमिका में ही रहे । राजनीतिक स्वतंत्रता ने उन्हें मार्ग चुनने की स्वतंत्रता दी हालांकि नियंत्रण की डोर अपने हाथ में बनाए रखने की उनकी कोशिश जारी रही । इस तरह के द्वंद्व का समाधान सभी देशों ने अपने अपने ढंग से किया । विकास की बाहरी और देसी दोनों तरह की रीति नीति के अनुपात अलग अलग मात्रा और ढंग से अपनाए गए । समय बीतने के साथ उनके परिणाम भी सामने आ रहे हैं । जोशीमठ का हादसा मानवीय व्यवस्था की ऐसी खामी का नतीजा है जो विकास के हमारे नजरिये की पोल खोल रही है । ऐसी स्थितियां और जगह भी आ सकती हैं । इनका आकलन कर कार्रवाई आज की बड़ी जरूरत है । प्रकृति में सभी शामिल हैं । उसकी रक्षा किए बिना हमारे अपने अस्तित्व की भी रक्षा नहीं हो सकेगी ।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# मठाधीशों से पहली बार मुक्त हुआ भारतीय ओलम्पिक

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**माना** जाता है कि जितनी राजनीति खेल संगठनों में है उतनी राजनीति तो राजनीति क्षेत्र में भी नहीं पाई जाती। जबसे देश स्वतंत्र हुआ है, धीरे-धीरे खेलों की ओर भी तत्कालीन सरकारों ने ध्यान दिया है किंतु ओलंपिक के इतिहास में दृष्टि डाली जाये तो हॉकी के सिवाय सब सूना-सूना दिखाई पड़ता है। कालांतर में तो हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के बाद भारत का गौरव कहा जाने वाला हॉकी खेल भी राजनीति की भेंट चढ़ गया। कई अर्से से केन्द्र व राज्य स्तर पर खेल एसोसिएशन में कुछ लोग इस तरह कुंडली मारकर बैठे हुए थे कि उनको वहां से हटाना तो दूर यदि हटाने की कोई बात भी करता तो गोलियाँ चल जाती थी। सरकारें बदलती रहती थी किंतु इन खेल मठाधीशों को उनके स्वयंभू सिंहासन से हिलाना किसी की हिम्मत नहीं थी और इसी वर्चस्व का परिणाम उनके व्यवहार, उनके कृत्य में साफ झलकता रहता था। जिलास्तर से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक इन्ही मठाधीशों का डंका बजता था। जिसे चाहे खेलने दें जिसे चाहे रोक दें। किस टीम में कौन खिलाड़ी जायेंगे। कोच व प्रबंधक कौन जायेंगे, सब यही तय करते थे। यहां तक कि ओलम्पिक खेलों में जब टीमें जाती थी तो कोच जाये या न जाये किंतु इन खेल एसोसिएशन के माननीय अध्यक्ष जी के रिश्तेदार, संबंधी यहां तक कि नौकर भी टीम के साथ चले जाते थे। विशेषरूप से सामूहिक खेल टीम में एक्स्ट्रा खिलाड़ियों में तो इन अध्यक्ष जी की इच्छा पर निर्भर था कि किसे लेकर जायें। मनमर्जी का आलम यह रहा कि व्यक्तिगत खेलों कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स आदि में भी ये खेल मठाधीश कई बार अपनी विटो पॉवर का प्रयोग कर लेते थे। केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए तथा प्रतियोगिता कराने के लिए दी जाने वाली ग्रांट को तो ये महाशय अपनी बपौती मानते रहे हैं। इनकी एसोसिएशन के बैंक खातों में करोड़ों की राशि एकत्रित हो जाती, जिसके ब्याज मात्र से ही ये जब चाहे विदेशों का सैर-सपाटा कर आते। इससे भी आश्चर्य की बात यह है कि ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ी तो अपने खर्चे से जाते और ये साहब लोग अपने चमचों, रिश्तेदारों के साथ एसोसिएशन के खर्चे पर विदेशों में घूमकर आते रहे। टीम में यदि 16 खिलाड़ी हैं तो डॉक्टर, कोच, प्रेरक, अटेंडेंट, हैल्पर, मशाजचर, कोष प्रभारी आदि इतने ही इनके अपने भी हो जाते। कई बार तो टीम में खिलाड़ियों से अधिक अन्य लोग हो जाते। करोड़ों-अरबों रुपयों के बजट वाले खेल फैडरेशन पांच साल तक क्या करते रहते हैं। क्यों इनको पदक की योजना बनाने के लिए समय नहीं मिलता। केवल खिलाड़ियों को ही पदक लाने की भूख क्यों रहती है। क्यों खेल संघ खिलाड़ियों का आर्थिक सहयोग नहीं करते। खेल व खिलाड़ी के नाम की राशि उन पर क्यों खर्च नहीं की जाती? ये सब ऐसे प्रश्न है जो कोई भी इन मठाधीशों के सामने उठाने का साहस नहीं कर पाता। यदि कोई इन कृत्यों के विरुध्द आवाज बुलंद करने का प्रयास करता भी है तो फिर यह माननीय पांच-सात लठैत भेजकर उसकी ऐसी मरम्मत कराते हैं कि हड्डियां तो आवाज करती हैं किंतु मुँह से फिर कभी आवाज नहीं आती। कुछ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी यदा-कदा आवाज उठाते भी थे तो राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते उनकी आवाज को भी दबा दिया जाता रहा या फिर अनदेखा कर दिया गया।

वास्तव में जब से खेलों में राजनीति घुसी तब से खेलों व खिलाड़ियों की धार कम हुई और जब से राजनीति में खिलाड़ी घुसे तो खेलों का पूरा राजनैतिक करण हो गया। कितने ही राज्यों में क्षेत्रीय राजनैतिक दल खेलों के दम पर ही चल रहे हैं। निस्संदेह एक अच्छा खिलाड़ी अपने गाँव-क्षेत्र का हीरो माना जाता है। गाँव के अधिकतर युवा तो उसके साथ होते ही हैं अपितु कुछ बुजुर्ग और सज्जन लोग भी खिलाड़ी का सम्मान करते हैं। यहां तक कि महिलायें भी खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति रखती हैं। खिलाड़ी की इसी प्रतिष्ठा के कारण नेता लोग उसका राजनैतिक लाभ उठाने का प्रयास करते हैं और क्षणिक लाभ के लिए खिलाड़ी भी अपना खेल अभ्यास छोड़कर अन्य खिलाड़ियों के समूह को लेकर नेताओं के हाथों की कठपुतलियां बनते रहे हैं। कितने ही अच्छे खिलाड़ी इन नेताओं के पिट्ठू बनकर गलत राह पर चल निकले। जमीनों के कब्जे कराना, फिरौती लेना, अपहरण, मर्डर तक में खिलाड़ियों के नाम आयें। खिलाड़ियों के मात-पिता विवश होकर अपने खिलाड़ी बेटे को लुटता-पिटता देखते रहते। अभी दिसंबर 2022 में क्रीड़ा भारती के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन लखनऊ में रहने का अवसर मिला। अधिवेशन के दूसरे दिन मंच खेल रत्न ओलम्पियन पहलवान योगेश्वर दत्त एवं पैरा ऑलंपिक के दो बार के जैवलिन स्वर्ण पदक विजेता देवेन्द्र झाजर सहित लगभग 20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुशोभित हो रहा था। अधिवेशन के दौरान ही पैरा ऑलंपिक के स्वर्णपदक विजेता देवेन्द्र झाजर ने अपने प्रेरणादायी साक्षात्कार में स्वीकार किया कि बिजली के करंट से एक हाथ खोने पर जब जैवलिन थ्रो का अभ्यास प्रारंभ किया तो किस तरह विद्यालय स्तर से ही उन्हें राजनीति व अनदेखी का शिकार होना पड़ा। जब सीनियर नैशनल गेम में मैडल लेकर आये तो आर्थिक रूप से कितनी परेशानी हुई। और जब पहली व दूसरी बार ओलंपिक खेलने गये तो टिकट के पैसे भी किस तरह से आम समाज के सहयोग से एकत्रित कर-के ओलंपिक में भाग लेना संभव हो पाया। ऐसे ही मीराबाई चानू को प्रशिक्षण के लिए ट्रक में बैठकर इंफाल तक आना पड़ा तो वहीं दौड़चाल खिलाड़ी संदीप पुनिया को बकरी चराते हुए अपना अभ्यास करना पड़ा है। 2020 की पद्मश्री रानी रामपाल के पिता घोड़ागाड़ी चलाकर दिन के सौ रुपये कमाते थे। यदि कोच बलदेव व अन्य खिलाड़ियों ने सहयोग न किया होता तो कब की हॉकी छोड़ गई होती। यह कहानी अधिकतर सफल खिलाड़ियों की है। ये खिलाड़ी अपने दम पर शिखर तक पहुंचे हैं। यदि खेल फैडरेशन ध्यान देते तो ये जी तोड़ मेहनत करने वाले खिलाड़ी पदक तालिका में भारत को भी सम्मानीय स्थिति में पहुंचाने का कार्य कर पाते। किसी भी ओलंपिक का इतिहास उठा कर देख लें। हर ओलंपिक में एक-दो पदक आने की उम्मीद लगाई जाती है। एक पदक आने पर पूरा देश झूमने लगता है। हरियाणा जितनी जनसंख्या वाले देश 'पदकों' का अंबार लगा देते हैं। जहां पहलवान को चून खिलाकर ओलंपिक में पदक लाने के लिए कहा जाये तो वहां पदक आयें भी कैसे? खेल फेडरेशन, चयन प्रक्रिया, कोच की नियुक्ति, गुटबाजी, महिला खिलाड़ियों के प्रति बदनीयत, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगे आने ही नहीं देते हैं। जब गांव वाले या कोई संस्था खिलाड़ी के खाने का खर्च उठा सकती है तो भारतीय खेल प्राधिकरण क्या करता है? ये खेल संघ क्या करते हैं? ये मठाधीश क्या करते हैं? आज तक कितने ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साई में रहते हुए ओलंपिक में पदक जीता है। भारत में अधिकांश खिलाड़ियों को अपनी गरीबी और खेल संघों की राजनीति से लड़कर आगे आना पड़ता है। खिलाड़ियों के पास खुद की किट तक नहीं होती। साथी खिलाड़ियों का सामान मांगकर अभ्यास करना पड़ता है। फेडरेशन को सरकार से पैसा मिलता है। वह लोगों के टैक्स का पैसा होता है। उसे मनमर्जी और गलत तरीके से खर्च किया जाता है। खेल संघों में बैठे पदाधिकारी उस पैसे का दुरुपयोग करते हैं। जब भी कोई टीम विदेश जाती है तो उसके साथ पदाधिकारी अपने रिश्तेदारों को मैनेजर या कोच बनाकर भेज देते हैं। लोगों के पैसे पर सैर सपाटा हो जाता है। मेडल आए या न आए, इसे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। चयन प्रक्रिया से लेकर कोचों की नियुक्ति तक सारा काम फेडरेशन वाले करते हैं। वहां तमाम नियमों को ताक पर रख दिया जाता है। ऐसे में ओलंपिक से पदकों का अंबार लगेगा, ये सोचना बेमानी है। चीन में 12 वर्ष की आयु में बच्चे को सरकार ले लेती है। उसके खेल और ट्रेनिंग की प्लानिंग करती है। नतीजा, 18 से 22 साल के बीच वे खिलाड़ी पदक भी झटक लेते हैं। यह भी समझने वाली बात है कि आज तक खेल फेडरेशन पर किसका कब्जा रहा। कितने कलमाड़ी जैसे लोग खेलों को चूना लगाते रहे। खेलों का विकास, खिलाड़ियों का चयन, कोच की नियुक्ति और प्रशिक्षण शिविर लगाना, ये सारे काम फेडरेशन के हैं। इन फेडरेशन पर गुटबाजी हावी रही, क्योंकि हर कदम पर राजनीतिक हस्तक्षेप रहा। आईएएस व आईपीएस, खेल संघों में सैर सपाटे के तौर पर आ जाते हैं। फेडरेशन के पदाधिकारी राजनीतिक लोगों की मर्जी से ही कुर्सी पर काबिज होते हैं।

# उद्योग जगत का योगी पर विश्वास

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**वोट** बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से सत्ता तो नसीब हो सकती है, किन्तु इसका नुकसान अंततः सम्बन्धित प्रदेश को उठाना पड़ता है। ऐसी सरकारों में समीकरण महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनको दुरुस्त बनाये रखना सत्ता पक्ष की प्राथमिकता रहती है। इससे निवेश का मार्ग बाधित हो जाता है। उद्योग जगत की अनेक अपेक्षायें होती हैं। जिस प्रदेश में उन्हें सुविधाएं मिलती हैं, वह उधर का ही रुख करते हैं। इसमें कानून-व्यवस्था की स्थिति का सुदृढ़ होना पहली शर्त होती है। इसके साथ ही सिंगल विंडों सिस्टम, इज ऑफ डूइंग बिजनेस और बिजली की पर्याप्त आपूर्ति, बेहतर कनेक्टिविटी, लैंड बैंक की स्थापना आदि की आवश्यकता होती है। उत्तर प्रदेश में करीब छह वर्ष पहले तक इन्हीं तत्वों का अभाव था। पश्चिम बंगाल, केरल जैसे कुछ राज्य आज भी उसी दौर में हैं। भाजपा जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार की छवि में सकरात्मक सुधार किया था। लेकिन नीतीश कुमार ने राजद से गठबंधन करके बिहार को एक बार फिर जंगल राज के दौर में पहुंचा दिया है। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने निवेश के अनुरूप माहौल बनाने का प्रभावी कार्य किया है। इसके लिए अपेक्षित सभी मोर्चों पर अभूतपूर्व सुधार हुआ है। यहां इनवेस्टर्स समिट और प्रस्तावों के शिलान्यास से अनेक अध्याय कायम हुए।अब उत्तर प्रदेश ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के लिए तैयार हो रहा है। इस संबंध में योगी आदित्यनाथ की मुंबई यात्रा उल्लेखनीय रही। योगी आदित्यनाथ पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने दिलाई थी। तब उन्होंने विश्वास व्यक्त किया था कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी उत्तम प्रदेश बनेगा। उनका कथन साकार हो रहा है। यह संयोग था कि इस बार मुंबई में योगी आदित्यनाथ की मुलाकात राम नाईक से भी हुई। योगी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के संदर्भ में मुंबई गए थे। उद्योगपतियों से उनकी सार्थक बैठक हुई। सभी ने उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति उत्साह दिखाया। योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा सभा में कहा था कि पहले उत्तर प्रदेश की पहचान दंगे वाले, देश के विकास में बाधक बनने वाले प्रदेश के रूप में थी। लेकिन पिछले साढ़े पांच सालों में यूपी ने खुद को विकास के साथ जोड़ा है। बेहतरीन कानून-व्यवस्था लागू करके देश को एक नया मॉडल दिया। यूपी इज ऑफ डूइंग बिजनेस में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राज्य बजट करीब साढ़े छह लाख करोड़ पहुंच गया है। छह लाख पंद्रह हजार करोड़ के बजट के बाद तैंतीस हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया था। जिन राज्यों की आबादी कम है,वह घाटे का बजट पेश करते हैं। यूपी सरप्लस राजस्व वाला प्रदेश है। उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का इंजन बन रहा है। आज यूपी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमि वाला प्रदेश बनाने के लिए काम किया जा रहे है। पांच सालों में साढ़े चार लाख करोड़ से अधिक के निवेश आये हैं। अगले महीने समिट का आयोजन किया जा रहा है। योगी सही कहते हैं कि यूपी में डेढ़ लाख करोड़ से अधिक का निवेश हुआ है।

पांच वर्ष पहले करीब अस्सी हजार करोड़ निवेश हुआ था। वर्तमान सरकार विकास का विजन लेकर आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दोराय नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि यूपी डेटा सेंटर का हब बन रहा है। पहली डिस्प्ले यूनिट चीन से यूपी में आई। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभिन्न सेक्टर में तमाम ऐसे कार्य शुरू होने जा रहे हैं जिनसे उत्तर प्रदेश की पहचान को नया आयाम मिलेगा। इसमें चिकित्सा, कानून व्यवस्था, पर्यटन, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर खासा फोकस किया गया है। योगी आदित्यनाथ के एजेंडे में प्रदेश की कानून व्यवस्था शुरू से ही प्रमुखता पर रही है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में पिछले साढ़े पांच वर्षों में कानून का राज पूरी तरह से स्थापित हुआ है और अपराध की घटनाओं में काफी गिरावट दर्ज की गई है। नये साल पर अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के साथ प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने पुलिस को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस करने को लेकर ड्रोन की खरीदारी के लिए बजट जारी कर दिया है।

## अंधभक्त बनने की कहानी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सर्दी का** मौसम था। तलुवाचाट मंत्री शाम के समय संसद से वापस लौट रहा था। तभी उसे सामने एक गरीब नजर आया। शरीर कांप रहा था। कपड़े फटे हुए थे। तलवाचाट मंत्री ने जेब से एक मेनिफेस्टो निकाल कर गरीब के हाथ पर रखा। परन्तु गरीब उसे लेने से इनकार करते हुए बोला, 'श्रीमान! मुझे मेनिफेस्टो नहीं चाहिए। मैं जानता हूँ, आप सत्ता पक्ष के पहुँचे हुए मंत्रियों में से एक हैं। मेरी एक समस्या हैं। मैं आपसे सिर्फ उसका समाधान चाहता हूँ।' "ओह! बताओ भाई तुम्हारी क्या समस्या है?" तलुवाचाट मंत्री ने गरीब से पूछा। कुछ हिचकते हुए गरीब बोला, "मैं जानता हूँ कि मैं एक गरीब हूँ, पर मेरी दिली इच्छा है कि लोग मुझे 'अंधभक्त' कह कर पुकारें। ऐसा करने से महंगाई, भ्रष्टाचार, लाचारी, दरिद्रता और अन्य कोई समस्या मेरे पास फटकने तो दूर मेरे बारे में सोचकर टांय-टांय फिस्स हो जाएगी। दुर्भाग्यवश, मुझे कोई तरीका नहीं सूझ रहा कि लोग मुझे 'अंधभक्त' कहकर बुलाएँ।" तलुवाचाट मंत्री कुछ देर सोचता रहा, फिर बोला, "मेरे पास तुम्हारी समस्या का समाधान है। देखना जल्द ही लोग तुम्हें 'अंधभक्त' कहकर बुलायेंगे। बस मैं जैसा कहूँ, वैसा ही करते जाना। तुम इस जगह से कुछ दूर खड़े हो जाओ और जब भी तुम्हें कोई 'अंधभक्त' कह कर पुकारे, उसके पीछे ऐसे दौड़ना जैसे उसे मारने आ रहे हो।" तसुवाचाट मंत्री ने उस गरीब को समझाया और वहाँ से चला गया। गरीब उस जगह से कुछ दूर जाकर खड़ा हो गया। इस बीच तलुवाचाट ने वाट्सप यूनिवर्सिटी के पप्पुओं को पास बुलाया और गरीब की ओर इशारा करते हुए बोला, पप्पुओं, वो गरीब देख रहे हो, जो वहाँ खड़ा है। उसे अंधभक्त कहकर पुकारने से वह बहुत चिढ़ता है। पप्पुओं को ऐसी बात पता चलते ही शैतानी सूझी। जल्द ही सभी पप्पु उस गरीब के आस-पास खड़े होकर जोर-जोर से अंधभगक्त.... अंधभक्त चिल्लाने लगे।

# अवैध कब्जेधारकों को नहीं हटा सका प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मराठा कालीन पुरानी कोतवाली भवन से अवैध कब्जे हटाने गई टीम दो दिन की मोहलत देकर लौट आई। दो जेसीबी के साथ नायब तहसीलदार मंगल सिंह टीम लेकर अतिक्रमण हटाने गये थे। अतिक्रमणकारियों ने त्योहार के बहाने कुछ दिनों की मोहलत मांगी। नायब तहसीलदार ने रविवार तक खाली करने को कहा है। चेताया है कि सोमवार से अतिक्रमण हटाया जायेगा। एक सप्ताह पहले एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह पुरानी कोतवाली भवन में अवैध ढंग से कब्जा किये 44 लोगों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर खाली करने का अल्टीमेटम दिया था। समय पूरा होने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने खाली नहीं किया। नतीजतन शनिवार को नायब तहसीलदार मंगल यादव पुलिस बल के साथ दो जेसीबी लेकर कब्जा हटाने पहुंचे। पुरानी कोतवाली भवन के भीतर जेसीबी के साथ प्रशासनिक अमले को देखकर अतिक्रमणकारियों में हडकम्प मच गया।



आनन-फानन में अतिक्रमणकारी परिवार समेत घरों से बाहर आकर महिला थाने के सामने एकत्र हुए। इन लोगों ने कहा कि शहर में किराये के कमरे नहीं मिल रहे। त्योहार के समय कुछ दिन की मोहलत दी जाये, ताकि वे दूसरी जगह शिफ्ट हो सकें। नायब तहसीलदार मंगल सिंह ने कहा कि एक सप्ताह पहले नोटिस दी गई थी। खोजने की इच्छाशक्ति होती तो जगह मिल गई होती। दो दिन के भीतर दूसरा स्थान खोजकर यहां से खाली कर दें। ऐसा न करने पर सोमवार को प्रशासन बल पूर्वक अवैध कब्जे हटा देगा।

पुरानी कोतवाली भवन के भीतर अवैध कब्जाधारक कोई गरीब परिवार के नहीं हैं। ये अतिक्रमणकारी आर्थिक रुप से सम्पन्न हैं। इनमें ज्यादातर सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। दस से 12 सरकारी शिक्षक और पुलिस कर्मी ही अवैध कब्जे किये हैं। काफी लोग ऐसे हैं जो पहले यहां कोतवाली में सिपाही और दरोगा रहे हैं, उन्होंने अवैध कब्जे कर रहे हैं। मजे की बात ये है कि तमाम कब्जाधारकों के शहर में पक्के घर बने हुए हैं। उन घरों को किराये पर देकर ये यहां अवैध ढंग से रह रहे हैं। बिजली व नल कनेक्शन को आधार बनाकर कानूनी दांव-पेंच से मामले को उलझाने के प्रयास में हैं, ताकि उन्हें कब्जा न छोडना पडे। इस बाबत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि पुरानी कोतवाली भवन को हर हाल में खाली कराया जायेगा। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेधारकों को बेदखल करना शासन की मंशा है। दो दिन में अतिक्रमणकारियों ने कब्जे न हटाये तो उन्हें बल पूर्वक हटाया जायेगा। कोई भी सरकारी जमीन में अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा।

# कुर्मी समाज ने बैठक कर पेश किया आय-व्यय का ब्यौरा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कुर्मी समाज संस्थान ने आय-व्यय की बैठक कर 31 अक्टूबर को सदर पटेल की जयंती में अतिरिक्त व्यय न आने की बात कही।

रविवार को हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि छत्रपति शिवा जी महाराज युवा विंग के अध्यक्ष अंकित पटेल पुत्र बलराम पटेल निवासी प्रसिद्धपुर को जिम्मेदारी दी गई। जीजामाता महिला विंग का गठन कर पूर्व प्रधान मगरहाई श्रीमती रुपा देवी व श्रीमती सरोज सिंह प्रवक्ता जनसेवा इंटर कालेज को महासचिव का पद सौंपा। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने का निर्णय लिया। संस्थान की उन्नति एवं प्रगति के उद्देश्य से पूर्व की भांति गांव-गांव भ्रमण करने का निर्णय लिया।



बैठक में शिक्षक नत्थू सिंह, पूर्व राजस्व निरीक्षक महेन्द्र सिंह, जनसेवा इंटर कालेज के प्रबंधक कमलेश सिंह, उग्रसेन सिंह, रामकुमार व अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों से अपेक्षा है कि सहयोग करें। मृत्यु भोज की बाबत अपव्यय रोकने को पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि मृत्यु भोज के स्थान पर सामूहिक रुप से शोक सभा की जायेगी। बसंतपुर के पूर्व शिक्षक लल्लूराम सिंह, पूर्व शिक्षक रामसनेही वर्मा के दिवंगत होने पर शोक बैठक की गई। बैठक में अजय कुमार, कृष्ण कुमार, त्रिभुवन सिंह, दिलीप सिंह, आरडी सिंह, मान सिंह पटेल, अभिलाष सिंह, रतन पटेल, देवेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### भुगतान के बदले ठेकेदार से कमीशन मांगने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के निवर्तमान ईओ रामअचल कुरील पर एक ठेकेदार ने काम के भुगतान के बदले एक लिपिक के माध्यम से ढाई लाख रुपये कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। इस बाबत पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है।

रविवार को नगर पालिका के ठेकेदार राजनारायण निवासी सरैंया थाना मानिकपुर ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में बताया है कि उसने नियमानुसार टेंडर डालकर काम किया था। निवर्तमान ईओ रामअचल कुरील से काम पूरा होने पर भुगतान का अनुरोध किया तो कैशियर से मिलकर चेक लेने की बात कही।

ठेकेदार ने आरोप लगाया कि कैशियर से बात की तो कैशियर ने कहा कि ईओ का तबादला हो गया है। 15 लाख 74 हजार के काम का अग्रिम कमीशन मांगा। ठेकेदार ने कहा कि कथित रुप से ईओ के कहने पर लिपिक को रुपये दिये। ठेकेदार ने बताया कि तीन लाख रुपये देने के बाद भी उसका भुगतान नहीं हुआ। आरोप लगाया कि उसके पास एक मोबाइल नम्बर से फोन आया कि उसकी फाइल नष्ट कर दी जायेगी। पीडित ने एसपी से रिपोर्ट दर्जकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस बाबत निवर्तमान ईओ रामअचल कुरील ने आरोपों से इंकार कर कहा कि छह जनवरी को वह जिले से जा चुके हैं। इसके बाद वहां क्या हो रहा है, उनका कोई लेना-देना नहीं है। इस बाबत एक आडियो भी आया है। इसमें पालिका कर्मचारी ठेकेदार को धमकी दे रहा है। कह रहा है कि उसने सुशील नेता के कहने पर आरोप लगाया है। मामले को रफा-दफा करने के आरोप से खफा वार्ड मेम्बर सुशील नेता ने एसपी को तहरीर देकर ईओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा है।

### खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुसा बाइक सवार, मौत

**हमीरपुर।** रविवार को तेज रफ्तार बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में घुस गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। बिवांर थाना प्रभारी सजंय कुमार सिंह ने बताया कि युवक बिवांर से गोविंद सिंह चंदेल (26) निवासी निवादा अपनी बाइक से लौट रहा था। उसी दौरान भस्मानंद इंटर कालेज के पास खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में युवक पीछे से जा घुसा। बताया गया कि ट्राली पंचर थी और जैक पर खड़ी थी। थाना प्रभारी ने बताया ट्राली में लाइट रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। गांव के लोगों की सूचना पर वह उसे छानी सीएचसी ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन लगभग नौ बजे रास्ते में ही पौथिया के पास उसने दम तोड़ दिया। ट्रैक्टर छानी निवासी प्रदीप कुमार के नाम बताया गया है, जिसे कब्जे में ले लिया गया है। बताया गया युवक दो भाइयों में छोटा अविवाहित था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### नाव संचालन पर रोक, मकर संक्रांति पर नाविक निराश

**मीरजापुर।** मकर संक्रांति पर्व पर विंध्याचल के गंगा घाटों पर नाव संचालन पर रोक लगाए जाने के मौखिक फरमान से नाविकों में रोष उत्पन्न हो गया है। जबकि शनिवार तक नाव का संचालन हो रहा था। मकर संक्रांति पर नाव संचालन पर रोक लगने से नाविक निराश हो गए। नाविक रामराज निषाद, सूरज निषाद, धर्मेंद निषाद, मुन्नू निषाद आदि ने कहा कि मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। सभी नाविक लाइफ जैकेट के साथ नाव चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन नाव संचालन पर रोक लगाने से नाविक परेशान हैं। जबकि प्रयागराज, वाराणसी सहित अन्य स्थानों पर नाव संचालन पर रोक नहीं है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विंध्याचल अतुल राय ने बताया कि प्रशासन के आदेश पर नाव संचालन पर रोक लगाया गया है।

# बुजुर्ग दंपति की हत्या और डकैती का पुलिस जल्द करेगी खुलासा

**कानपुर।** ककवन थाना क्षेत्र में हुई बुजुर्ग दंपति की हत्या और डकैती मामले के खुलासे के करीब पुलिस पहुंच गई है। पूछताछ के दौरान बहू ने कई बार बयान अबतक बदले हैं, जिससे पुलिस को शक अब उस पर और गहराता जा रहा है। पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड कहना है कि अब तक संदिग्धों से हुई पूछताछ के दौरान इस वारदात को अंजाम देने में कोई न कोई घर का करीबी व्यक्ति होने का शक गहराता जा रहा है। मृत बुजुर्ग दंपति की बहू सपना ने कई बार अपने बयान बदले हैं। पुलिस ने शक के आधार पर बहू के भाई और उसके दोस्त समेत चार संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया है। दरअसल, कानपुर के ककवन थाना क्षेत्र के रहने वाले बिजली विभाग के लाइनमैन राजकुमार के घर गुरुवार रात को बदमाशों ने धावा बोला था। डकैतों ने लाइनमैन के बुजुर्ग पिता छम्मी लाल (70), मां इमरती देवी (67) की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। दोहरे हत्याकांड और डकैती का खुलासा करने के लिए पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड और डीसीपी वेस्ट विजय ढुल शनिवार रात को ककवन थाने पहुंचे थे।

# प्रयागराज ने 81 रनों से बनारस को हराया

## मैन ऑफ द मैच बने कुलदीप मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्म स्मृति में सुभाष चैलेंज कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबला बनारस व प्रयागराज के बीच हुआ। प्रयागराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 25 ओवर में 167 रन बनाए। प्रयागराज के बल्लेबाज यदुवेंद्र सिंह ने 34 गेंदों पर 31 रन बनाये। रविवार को प्रयागराज के दूसरे बल्लेबाज रोहित राज ने 32 गेंद खेलकर 37 रन बनाए। तीसरे बल्लेबाज अमन चैधरी ने 16 गेंदों पर 22 रन बनाये। बनारस के गेंदबाज विजय यादव ने दो विकेट, अमन शर्मा ने दो विकेट, हर्ष सिंह ने दो विकेट लिए। एक-एक विकेट चंदन यादव और रोहित ने लिया।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस टीम के बल्लेबाज अमन शर्मा ने 32 गेंद खेलकर 16 रनों बनाये। बनारस के दूसरे बल्लेबाज विक्रांत ने 19 गेंद खेलकर 23 रन बनाये। तीसरे बल्लेबाज उमेश यादव ने 30 गेंदों पर 19 रन बनाये। प्रयागराज के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 81 रनों से इस मैच को जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि/जिला कोषागार के लेखाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मिनहाज खान, वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव, अक्षय राहुल ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। मैच के अंपायर प्रेम नारायण, हैदर जहान, स्कोरर विजय भरद्वाज, सौरभ नाहर, कॉमेंटेटर किशन बरार, नागराज करवरिया, सिराज खान, रामचंद्र कुरील, अनुज कुशवाहा, करण पटेल, इरफान हुसैन, आनंद पटेल, समसुद्दीन खान, कमलेश परिहार, लोकेश ठाकुर, आशीष आदि मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरबाइक समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बरगढ थाना पुलिस ने उर्स मेले से चोरी मोटरबाइक की घटना का 24 घंटे के अन्दर खुलासा कर दो चोरों को बाइक समेत दबोचा है।

13 जनवरी को मस्ताना बाबा कुटी उर्स मेले से मोटरबाइक यूपी 70सीडी- 6758 के चोरी होने की सूचना मऊ थाने में सरताज आलम पुत्र अहमद अली निवासी अभयपुर थाना शंकरगढ जिला प्रयागराज ने दी थी। बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी की टीम ने बरगढ से रामबाग जाने वाली सडक पर चेकिंग दौरान एक मोटरबाइक पर सवार दो लोगों को दबोचा। उनके कब्जे से चोरी की मोटरबाइक बरामद हुई। चोरों ने अपना नाम शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र रजवंत सिंह निवासी छपरिया मजरा सेमरा थाना बरगढ तथा दूसरे ने अपना नाम रजनी मौर्या पुत्र रामानुज निवासी सेमरा बताया है।



बरामद मोटरबाइक को ठिकाने लगाने मप्र रामबाग जा रहे थे। पुलिस टीम में बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी, दरोगा राजकुमार सिंह, सिपाही राहुल दीक्षित, राघवेन्द्र सिंह, मनीष यादव प्रथम व मनीष यादव द्वितीय शामिल रहे।

### हत्या के 12 दिन बाद नहर में मिला पुष्पेन्द्र का शव

**कानपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के राय गोपालपुर गांव के पास नहर में रविवार को एक लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और उसकी पहचान ककवन के पुष्पेन्द्र के रूप में हुई। 12 दिन पहले उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया गया था। ककवन थाना क्षेत्र के मनाव गांव निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ ललुआ 3 जनवरी को उस समय लापता हो गया था, जब वह अपनी भांजी की शादी का कार्ड बांटने अपनी बहन के गांव गया था। इसके बाद गांव के बाहर नहर के पास उसका खून से लथपथ हाथ के दस्ताने मिले थे।

# पद्म विभूषण रामभद्राचार्य महाराज को अमेरिका ने दिया 'प्राईड आफ सनातन एवार्ड'

**चित्रकूट।** भारत को विश्व गुरु बनाने में हमारे देश के संतों, ऋषि, मुनियों का सदैव ही योगदान रहा है। इसी श्रृंखला में वर्तमान समय के महान संत,पद्म विभूषण से अलंकृत श्रीतुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज को उनके 'वसुधैव कुटुम्बकम' विचारधारा, अद्भुत प्रतिभा की ख्याति पूर्व से पश्चिम तक संपूर्ण विश्व में ख्याति फैल रही हैं। आज भी विश्व गुरु की पदवी पर भारत के धर्म चक्रवर्ती जगदगुरु रामभद्राचार्य जी विराजमान है। उनका दिब्यांगों के प्रति विशेष प्रेम व दिव्यांगों की उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना, रोजगार व पुनर्वास के लिए किये गए कार्य सराहनीय है। इन्हीं महान कार्य को देखते हुए 'वर्ल्ड हयूमिनिटी पार्लियामेंट संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वारा 2023 का 'प्राइड ऑफ सनातन' विश्व प्रसिद्ध पुरस्कार से विभूषित किया है।जगदगुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज का कहना है कि यह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव की बात है। देव तुल्य महान जगदगुरु जी को पुरस्कार प्रदान करना सूर्य को दीपक दिखाने जैसी ही है। आपसे पुरस्कार स्वयं विभूषित हो जाते हैं। पूज्य जगदगुरु की आशुकवि क्षमता है। आपके रचनात्मक कार्यों में पठन-पाठन करते रहते हैं। कहा कि जगदगुरू ने अपनी क्षमता से ही अनेकों महान ग्रंथों की रचना की है। वेद शास्त्र,पुराण के महान ज्ञाता है। आपने वर्तमान समय तक 225 ग्रंथों का प्रणयन व लेखन किया है। आपके भारत में सामाजिक, धार्मिक, धर्म, संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लाखों करोड़ों भक्तों को मार्ग दर्शन व प्रेरणा मिलता है। बताया कि यह पुरस्कार श्री सालासर बालाजी मंदिर चुरु राजस्थान में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन आपके जन्मदिन के शुभ अवसर पर राघव परिवार के लाखों भक्तों के समक्ष प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया गया। इस महान उपलब्धि पर आपके विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास का है। कुलपति प्रो० योगेश दुबे,युवराज रामचंद्र दास, कुलसचिव आर०पी० मिश्रा, लेखाधिकारी एन० बी०गोयल, डीन डा० महेंद्र उपाध्याय ,डीन डा० विनोद मिश्रा, पीआरओ एस०पी० मिश्रा, डा० गोपाल मिश्रा, डा० ज्योति वैष्णव, डा० किरण त्रिपाठी, डा०सुनीता श्रीवास्तव, डा० सुशील त्रिपाठी, डा० हरिकांत मिश्रा, डा०मनोज पांडे, डा०मुकुंद पांडेय, शंशाक मिश्रा, पीआरओ एसपी मिश्रा आदि सभी शिक्षकों-कर्मचारियों ने पूज्य गुरुदेव को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# अवैध स्टैंडों से गुंडा टैक्स लेने वालों पर नहीं हुई कार्यवाही

## सीएम योगी के निर्देश हवा-हवाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर बने टैम्पो-टैक्सी व ई-रिक्शा चालकों से दबंग किस्म के लोग आज भी गुंडा टैक्स वसूल रहे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद भी कोतवाली पुलिस ऐसे गुंडा टैक्स वसूलने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर सकी है।

रविवार को जिला मुख्यालय में इलाका पुलिस सरकार की मंशा पर पानी फेरती नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के बार-बार निर्देश के बाद भी अवैध बस, टैक्सी स्टैण्ड चल रहे हैं। इन स्टैण्डों से दबंग किस्म के लोग गुंडा टैक्स की वसूली खुलेआम कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के ट्राफिक चैराहा के आगे हीरा पाण्डेय की कोठी के सामने खुलेआम गुंडा टैक्स की वसूली की जा रही है। पुलिस आज तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। न ही पुलिस ने आज तक गुंडा टैक्स की वसूली बन्द कराई है।

स्टैण्ड के लोगों ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि स्टैण्ड पर गाडी खडी करने के एवज में उनसे प्रति चक्कर अवैध वसूली की जा रही है। इसी क्रम में ये सिलसिला मानिकपुर, राजापुर, पहाडी आदि स्थानों पर भी हो रहा है।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुंडा टैक्स वसूलने वालों की कमर तोडने के निर्देश दिये हैं। ये सभी निर्देश जिला मुख्यालय में हवा-हवाई नजर आ रहे हैं। वर्षों से गुंडा टैक्स वसूलने वालों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# मकरसंक्रान्ति पर्व पर मप्र के घाट में हुई सफाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 52वें अभियान के तहत स्वच्छ विरासत अभियान के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि बाहर से आने वाले तीर्थयात्रियों को परिक्रमा मार्ग साफ-स्वच्छ मिले। रविवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में चले सफाई अभियान में केशरवानी ने लोगों ने कहा कि परिक्रमा मार्ग में गन्दगी न फैलायें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने जनता से अपील किया कि कुछ भी खाने के बाद कचरे को उचित स्थान पर ही फेंके। स्वच्छ भारत मिशन के डीसी शिवा कुमार ने कहा कि मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने पर ही स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। स्वच्छता अभियान के क्रम में मप्र के हिस्से आरती स्थल के नजदीक भरत घाट में एसडीएम की अगुवाई में कामदगिरि स्वच्छता समिति व गायत्री शक्तिपीठ के सहयोग से मकरसंक्रान्ति पर्व पर अभियान चलाया। अभियान में एसडीएम पीएस त्रिपाठी, गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंधक रामनारायण त्रिपाठी, मप्र नगर पंचायत के सीएमओ विशाल सिंह, मप्र के स्वच्छता प्रभारी प्रभात सिंह व निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अंजू वर्मा, शुभम, सुमित, जितेन्द्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।



# परिवार में सिखाएं जीवन मूल्य, तभी सुखी रहेगी मानवता: दत्तात्रेय

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को संस्कार परिवार से ही मिलता है। परिवार ठीक नहीं होने पर बच्चों का जीवन बर्बाद हो जाता है। परिवार में आत्मीयता व परस्पर सामंजस्य का भाव कम हो गया तो बच्चे समाज के अच्छे नागरिक नहीं बन पायेंगे। परिवार ठीक रहेगा तो सब ठीक रहेगा। इसलिए परिवार में जीवन मूल्य सिखाएं, तभी मानवता सुखी रहेगी। वह उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग द्वारा रविवार को सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में आयोजित 'परिवार मिलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सरकार्यवाह ने कहा कि सद्भावना व सत्कर्म से जो संस्कार होता है उससे राष्ट्र व समाज का कल्याण होता है। आदर्श परिवार बनाने के लिए सबके प्रति स्नेह का भाव व सबको जोड़कर एक समाज के नाते मिलकर रहने से समाज की शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा एक दूसरे के प्रति प्रेम आत्मीयता सहयोग व समन्वय की भावना होनी चाहिए। दूसरे के विकास में मन को प्रसन्नता होती है। इसी को परिवार कहते हैं। परिवार के संदेश को हमने संगठन में भी लिया है। इसलिए हम जहां भी कार्य करें वहां टीम भावना से कार्य करें। कहा कि आपस में प्रेम, समन्वय व सहयोग की भावना जो परिवार में होती है, उसी भाव व भावना को लेकर संघ कार्य कर रहा है।



**परिवार भाव से ही होगा सबका भला**-होसबाले ने कहा कि परिवार भाव से ही सबका भला होगा। हमने पूर विश्व को एक परिवार माना है। जी-20 का ध्येय वाक्य भी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' है। आज विश्व के लिए परिवार की बहुत आवश्यकता है। बताया कि कई देशों में वहां के राजनीतिक दलों को अपने चुनावी घोषणा पत्र में लिखना पड़ रहा है कि हम पारिवारिक मूल्यों को लागू करेंगे। आज परिवार में एकता की बात होती है, लेकिन यह बात विरोधाभासी है। परिवार का मतलब ही एकता है, लेकिन आज परिस्थिति ऐसी हो गई हैं कि परिवार में एकता की बात की रही है परिवार मिलन कार्यक्रम में संघ के कार्यकर्ताओं ने सपरिवार सहभागिता की और सहभोज हुआ।

## ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत साइमन शेरक्लिफ को तलब कर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने पर विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि कि ईरान के विदेश मंत्रालय



के पश्चिमी यूरोप विभाग के महानिदेशक ने ब्रिटेन के ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ कृत्यों को लेकर विरोध दर्ज कराया है।

## श्रीलंका को अब आईएमएफ से ही उम्मीद

**कोलंबो।** आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका को अब आखिरी उम्मीद वैश्विक ऋणदाता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने दोपहर ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह स्वीकार करते



हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि देश की गंभीर आर्थिक स्थिति ने शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। यह आर्थिक पतन के नतीजे हैं। अब हमारे पास एकमात्र विकल्प आईएमएफ का समर्थन प्राप्त करना है। बिना उसकी मदद के देश संभल नहीं सकता।

## अदालत ने पत्रकार को दो दिन के लिए एफआईए की हिरासत में भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के व्यक्तिगत कर की जानकारी लीक करने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार को दो दिन की संघीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। 'बोल



न्यूज़' के पत्रकार शाहीद असलम को संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने लाहौर से गिरफ्तार किया था और उन्हें इस्लामाबाद की अदालत में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने असलम को दो दिनों के लिए एफआईए की हिरासत में भेज दिया।अदालत में असलम ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे पता चले कि उन्होंने कुछ भी गलत किया है। उन्होंने कहा कि वह एक पेशेवर पत्रकार के रूप में लंबे समय से संघीय राजस्व ब्यूरो (एफबीआर) को कवर कर रहे हैं। पत्रकार के खिलाफ मामला खोजी समाचार वेबसाइट 'फैक्टफोकस' की एक रिपोर्ट पर आधारित है। वेबसाइट ने एक लेख में पिछले साल नवंबर में तत्कालीन सेना प्रमुख और उनके परिवार पर गत छह वर्षों में 12.7 अरब रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। बाजवा पिछले साल 29 नवंबर को फौज से सेवानिवृत्त हो गए थे।

# पेशावर में थाने पर आतंकी हमला, डीएसपी सहित चार पुलिसकर्मियों की मौत

**टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी, कई पुलिसकर्मी घायलजवाबी कार्रवाई में पुलिस का तीन आतंकियों को मारने का दावा**

**वाशिंगटन-इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं मुसीबत बनती जा रही हैं। अब पाकिस्तान के पेशावर में एक पुलिस थाने पर आतंकी हमला किया गया है। हमले में एक डीएसपी समेत चार पुलिस कर्मियों की मौत हो गयी। कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीन आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। पाकिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। टीटीपी आतंकी पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों, सैन्यकर्मियों, पुलिस व सैन्य अधिष्ठानों पर हमले कर रहे हैं। अब टीटीपी आतंकियों ने पेशावर के पुलिस थाने पर हमला कर दिया है। पेशावर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कासिफ अब्बासी ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद आतंकियों ने पेशावर के सरबंद पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड सहित स्वचालित व स्नाइपर हथियारों की मदद से बड़ा हमला किया। आतंकियों की जोरदार गोलीबारी में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) सरदार हुसैन और दो कांस्टेबल सहित चार पुलिसकर्मियों की जान चली गयी। कई पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। आतंकी के घायल होने का दावा किया है। साथ ही दो क्लाशिनकोव, मैगजीन और 47 हजार पाकिस्तानी रुपए लूटने का दावा किया। टीटीपी ने डेरा गाजी खान जिले में तुनसा शरीफ तहसील



संगठन टीटीपी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री महमूद खान ने हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में पुलिसकर्मियों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। आतंकियों की तलाश में इलाके में खोज अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, टीटीपी ने इस हमले में चार पुलिसकर्मियों के मारे जाने और 3 पुलिसकर्मियों में पुलिस चेकपोस्ट पर हमले की भी जिम्मेदारी ली है। इस बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। उत्तरी वजीरिस्तान के जाबो चाइना क्षेत्र में आतंकियों के एक समूह पर हमला कर तीन आतंकी मार गिराए। इस घटनाक्रम में एक आतंकी जख्मी हो गया। आतंकियों के पास अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किये गए हैं।

## बलात्कार का आरोप लगाने वाली पत्रकार का ट्रम्प ने किया अपमान

**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला पत्रकार के मुकदमे पर ट्रंप ने सवाल उठाया है। स्तंभकार ई. जीन कैरोल द्वारा दायर मुकदमे में एक अदालत द्वारा जारी ट्रंप की गवाही के अंशों में महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक शब्द और मुकदमा करने की धमकी शामिल है। जीन कैरोल द्वारा दायर मुकदमे में अक्टूबर में दर्ज ट्रंप के बयान के अंश सार्वजनिक रूप से जारी किए गए हैं क्योंकि एक संघीय न्यायाधीश ने इसे सीलबंद रखने के ट्रंप के वकीलों के अनुरोध को खारिज कर दिया था।ट्रंप के बयान के अनुसार, ''महिला ने कहा कि मैंने उसके साथ कुछ ऐसा किया जो कभी नहीं हुआ। ऐसा कुछ नहीं हुआ था। मैं इस महिला के बारे में कुछ नहीं जानता।'' ये अंश ट्रंप और कैरोल के एक वकील के बीच हुई तीखी बहस को उजागर करते हैं।



बयान के कुछ अंश उसी दिन जारी किए गए जब संघीय न्यायाधीश लुईस ए. कापलान ने भी कैरोल के मानहानि और बलात्कार के आरोप वाले दो मुकदमों को खारिज करने के ट्रंप के वकीलों के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इस संबंध में अप्रैल में सुनवाई की उम्मीद है। ट्रंप ने कहा कि 1990 के दशक के मध्य में मैनहट्टन में किसी दुकान में वह कैरोल से कभी नहीं मिले। अपनी दिन भर की गवाही में ट्रंप ने उन्हें एक बलात्कारी के रूप में चित्रित किए जाने के को लेकर कैरोल पर हमला किया। साल 2019 में कैरोल की एक किताब प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था 1995 के अंत में और 1996 की शुरुआत में मैनहट्टन स्थित एक दुकान में मुलाकात के बाद मौका मिलते ही ट्रंप ने ड्रेसिंग रूम में उनका उत्पीड़न किया था।

# ईरान ने जासूसी के आरोप में ईरानी-ब्रिटिश नागरिक को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने कहा कि उसने रक्षा मंत्रालय में काम कर चुके एवं दोहरी नागरिकता रखने वाले ईरानी-ब्रिटिश नागरिक को मृत्युदंड दे दिया है। मौत की सजा नहीं देने की अंतरराष्ट्रीय चेतावनी के बावजूद और ईरान को हिलाकर रखने वाले देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच उसके इस कदम से पश्चिमी देशों के साथ तनाव और बढ़ने की आशंका है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली शामखानी के करीबी सहयोगी अली रजा अकबरी की फांसी ईरान के लोकतंत्र के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष का संकेत देती है जो सितंबर में महसा अमीनी की मौत के बाद जारी प्रदर्शनों को रोकने की कोशिश कर रहा है। यह स्थिति 1979 की क्रांति के बाद से इस्लामी गणराज्य के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।अकबरी की फांसी पर ब्रिटेन ने तत्काल कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसने इन विरोध प्रदर्शनों और यूक्रेन को निशाना बनाने वाले बम ले जाने वाले ड्रोन की आपूर्ति रूस को करने



के कारण अमेरिका और अन्य देशों के साथ मिलकर ईरान पर प्रतिबंध लगाए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, ''यह एक क्रूर और कायरतापूर्ण कृत्य है, जिसमें एक बर्बर शासन ने अपने ही लोगों के मानवाधिकारों को कोई सम्मान नहीं दिया।'' विदेश मंत्री जेम्स क्लेवलरी ने ब्रिटेन में ईरान के प्रभारी राजदूत को तलब किया और अस्थायी रूप से तेहरान से ब्रिटेन के राजदूत को वापस बुला लिया क्योंकि ब्रिटेन ने इस्लामी गणराज्य के महाभियोजक को भी प्रतिबंधित कर दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''ईरान को हमारा यह जवाब सिर्फ आज तक सीमित नहीं है।'' फांसी के बाद ईरान ने इसी तरह ब्रिटिश राजदूत को भी तलब किया। ईरानी न्यायपालिका से जुड़ी 'मीजान' समाचार एजेंसी ने अली रजा अकबरी को फांसी दिए जाने की घोषणा की। फांसी कब दी गई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, कहा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिन पहले फांसी दी गई। ब्रिटेन की एमआई-6 खुफिया एजेंसी का जासूस होने का सबूत पेश किए बिना ईरान ने अकबरी पर जासूसी का आरोप लगाया था। ईरान की न्यायपालिका द्वारा जारी एक लंबे बयान में दावा किया गया कि अकबरी को खुफिया सेवा को जानकारी प्रदान करने के लिए लंदन में बड़ी रकम, ब्रिटिश नागरिकता और अन्य मदद मिली। निजी थिंक टैंक चलाने वाले अकबरी को 2019 के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया। ऐसी आशंका थी कि उन्हें गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इसकी विस्तृत जानकारी हाल के सप्ताह में सामने आई है। जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित अन्य अपराधों के अभियुक्तों पर आमतौर पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया जाता है। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ऐसे अभियुक्त अपने लिए वकील तक खड़ा नहीं कर सकते और उन्हें अपने खिलाफ सबूत देखने की अनुमति नहीं होती है। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने अकबरी का एक अत्यधिक संपादित वीडियो प्रसारित किया। इस वीडियो को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जबरन कराया गया कबूलनामा बताया। 'बीबीसी' फारसी-सेवा ने बुधवार को अकबरी का एक ऑडियो संदेश प्रसारित किया, जिसमें उन्होंने यातना दिए जाने का वर्णन किया है।

## रूस ने यूक्रेन पर की मिसाइलों से बौछार, 12 की मौत, 64 घायल

**कीव।** रूस के ताबड़तोड़ हवाई हमलों से यूक्रेन के कई शहर दहल गए हैं। इस बीच डेनिप्रो में हुई मिसाइलों की बौछार से एक बहुमंजिला आवासीय इमारत तबाह हो गई। इस हमले में दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि 64 अन्य लोग घायल हो गए। रूसी मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन की बिजली आपूर्ति करने वाली संस्था यूक्रेनइर्गो ने कहा है कि विद्युत व्यवस्था को हुए नुकसान को ठीक करने के लिए इंजीनियर और कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कीव में इस समय न्यूनतम तापमान



शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे है। इससे पहले सुबह रूसी सेना ने यूक्रेन के पूर्वी शहर कीव और खारकीव के बुनियादी ढांचों पर मिसाइल हमला किया। क्षेत्र के गवर्नर ने चेतावनी दी है कि आने वाले घंटों में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले हो सकते हैं।

## चीन में कोरोना से आठ दिसंबर से 12 जनवरी तक 59,938 की मौत

**बीजिंग।** चीन में 08 दिसंबर,2022 से इस साल 12 जनवरी तक अस्पतालों में भर्ती कोरोना मरीजों में से 59,938 की मौत हो गई। यह जानकारी चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के हवाले से सरकारी मीडिया ने दी। ड्रैगन का यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इन आलोचनाओं के बाद आया है कि चीन महामारी की गंभीर स्थिति से संबंधित सूचनाओं को दबा रहा है। ऐसी आशंका है कि यह संख्या भी वास्तविक मृतक संख्या से अब भी कम है। चीन सरकार ने दावा किया है कि कोरोना वायरस



की ताजा लहर का ''चरम'' समाप्त हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के वरिष्ठ अधिकारी जियाओ याहुई ने बताया कि सांस संबंधी दिक्कत के कारण 5,503 और कोविड-19 के साथ अन्य बीमारियों के चलते 54,435 लोगों की मौत हुई है।

# बांग्लादेश में मंहगाई और बेरोजगारी के बावजूद सत्ताधारी पार्टी की लोकप्रियता बरकरार

ढाका। बांग्लादेश में मंहगाई की वजह से मध्यम वर्ग और गरीबों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। उस पर से बेरोजगारी की मार से वहां की जनता परेशान है। बावजूद इसके सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग विपक्षी बीएनपी के मुकाबले लोकप्रियता की दौड़ में काफी आगे नजर आ रही है।

बांग्लादेश में आम चुनाव को एक साल भी नहीं बचा है। न केवल देश के राजनीतिक दल, बल्कि कुछ विदेशी ताकतें भी बांग्लादेश की सरकार को प्रभावित करने के लिए विभिन्न तरीकों से प्रयास कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण इस देश की महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति है। ऐसे में विदेश नीति के मामले में बांग्लादेश सरकार को भी बहुत सोच-समझकर फैसला लेना पड़ता है। हालांकि अवामी लीग ने खुलकर भारत के प्रति गहरी मित्रता और वफादारी दिखाई है। उच्च शिक्षित युवाओं में संतोषजनक नौकरी नहीं मिलने को लेकर निराशा बढ़ रही है। देश में सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं। निजी क्षेत्र वांछित रूप में नहीं बढ़ रहा है। इसलिए रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं। बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च (बीआईडीएस) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के तहत 66 प्रतिशत स्नातक बेरोजगार हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में स्नातक छात्रों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। क्योंकि देश में सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ रही है। 10 साल पहले भी दो से ढाई लाख छात्र ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन पास करने के बाद नौकरी की तलाश में थे। अब वह संख्या बढ़कर चार-पांच लाख हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, बांग्लादेश में श्रम बल प्रति वर्ष औसतन दो प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। बांग्लादेश सांख्यिकी ब्यूरो (बीबीएस) के नवीनतम श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, देश में 26.3 लाख लोग बेरोजगार हैं। इनमें 14 लाख पुरुष, 12 लाख 30 हजार महिलाएं हैं, जो कुल श्रम शक्ति का 4.5 प्रतिशत हैं। लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर पूछे जाने पर बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ. हसन महमूद ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया "सभी बेरोजगारों को नौकरी देना संभव नहीं है।

हालाँकि, बड़ी संख्या में बेरोजगार लोगों के पास अलग-अलग प्रकार के रोजगार के अवसर हैं। पिछले चुनाव में हमारा नारा था "युवा ताकत है, युवा समृद्धि है"। हर साल हमारे 10-15 लाख युवा विदेश जाते हैं।"

# सांगठनिक विस्तार के मामले में सत्तारूढ़ अवामी लीग विपक्षी दलों से आगे

**कोलकाता।** बांग्लादेश में अगले कुछ महीनों में होने वाले आम चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज होने लगी है। चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियां संगठन को मजबूत करने में जुटी है। इस मामले में सत्तारूढ़ अवामी लीग विपक्षी पार्टियों से बहुत आगे नजर आ रही है।

हाल ही में अवामी लीग परिषद का सत्र (कार्यकारिणी बैठक) आयोजित किया गया था। इस दौरान हुए सांगठनिक चुनाव में पार्टी प्रमुख शेख हसीना ने पुराने विश्वस्तों के साथ कुछ ऐसे नए चेहरों को संगठन की जिम्मेदारियां दी हैं जो साफ-सुथरी और ईमानदार छवि के नेता माने जाते हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) यह तय नहीं कर पा रही है कि शेख हसीना सरकार के नेतृत्व में होने



वाले चुनाव में शिरकत करना चाहिये या नहीं। इस मुद्दे पर पार्टी में दो मत हैं। एक पक्ष का दावा है कि शेख हसीना के नेतृत्व में चुनाव में जाना व्यर्थ है, क्योंकि उनके कार्यकाल में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकता। सूत्रों के अनुसार लंदन में रह रहे बीएनपी नेता तारिक रहमान भी इसी मत का समर्थन कर रहे हैं। दूसरी ओर, बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर और पार्टी के अन्य नेताओं को लगता है कि चुनाव में भाग नहीं लेने के कारण बीएनपी व्यावहारिक तौर पर अलग-थलग पड़ती जा रही है। बीएनपी चुनाव केंद्रित पार्टी है। नेतृत्व को उन नेताओं को सम्मान देना चाहिए जो जनता का प्रतिनिधित्व करने में रुचि रखते हैं। इस उहापोह के बीच बीएनपी चुनाव में जाने को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रही है। इस बीच, अवामी लीग नेतृत्व ने छोटे गठबंधन सहयोगियों के साथ समझौते को मजबूत करने के लिए हाल ही में अपने 13 सहयोगी दलों के साथ बैठक की है। अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर ने भारत से आए पत्रकारों के समक्ष दावा किया कि कई नई पार्टियां अवामी लीग के साथ हाथ मिलाने के इच्छुक हैं। इससे साबित होता है कि अवामी लीग फिर से चुनाव जीतने जा रही है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# रूस ने यूक्रेन पर की मिसाइलों से बौछार, 12 की मौत, 64 घायल

**कीव (यूक्रेन)।** रूस के ताबड़तोड़ हवाई हमलों से यूक्रेन के कई शहर दहल गए हैं। इस बीच डेनिप्रो में हुई मिसाइलों की बौछार से एक बहुमंजिला आवासीय इमारत तबाह हो गई। इस हमले में दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि 64 अन्य लोग घायल हो गए। रूसी मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन की बिजली आपूर्ति करने वाली संस्था यूक्रेनइर्गो ने कहा है कि विद्युत व्यवस्था को हुए नुकसान को ठीक करने



**कीव में इस समय न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे है। इससे पहले शनिवार सुबह रूसी सेना ने यूक्रेन के पूर्वी शहर कीव और खारकीव के बुनियादी ढांचों पर मिसाइल हमला किया**

के लिए इंजीनियर और कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कीव में इस समय न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे है। इससे पहले शनिवार सुबह रूसी सेना ने यूक्रेन के पूर्वी शहर कीव और खारकीव के बुनियादी ढांचों पर मिसाइल हमला किया। क्षेत्र के गवर्नर ने चेतावनी दी है कि आने वाले घंटों में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले हो सकते हैं।